RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 241
हिसार | बुधवार, 29 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

## हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला को सरकार ने दी बड़ी जिम्मेदारी, चेयरमैन नियुक्त किया



**पाठकपक्ष न्यूज, चंडीगढ़, 29 नवम्बर :** सुभाष बराला को हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण का भी चेयरमैन नियुक्त किया गया है। हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण में बराला के साथ दो सदस्य भी नियुक्त किए गए। प्राधिकरण में सदस्य के तौर पर डॉ भीम सिंह और धर्मवीर नांदल शामिल हैं। किसान कल्याण प्राधिकरण किसान हित में बनने वाली योजनाओं को लेकर काम करेगा।




# मोदी सरकार ने गरीबों को दिया बड़ा तोहफा, अगले 5 वर्षों तक 81 करोड़ लोगों को मिलेगा मुफ्त खाद्यान्न

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 29 नवम्बर :** केंद्र सरकार ने बुधवार को 81 करोड़ गरीबों को प्रति माह 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) योजना' को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया। इसे 1 जनवरी 2024 से लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत, केंद्र 1 जनवरी 2023 से शुरू होने वाली एक वर्ष की अवधि के लिए पीएमजीकेएवाई के तहत अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों और प्राथमिकता वाले परिवारों (पीएचएच) लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा है।

पिछले साल दिसंबर में, केंद्र ने पीएमजीकेएवाई को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के साथ विलय करने का निर्णय लिया। अतिरिक्त खाद्यान्न निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए 2020 में PMGKAY की शुरुआत की गई थी। एनएफएसए के तहत, 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी को दो श्रेणियों - अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और प्राथमिकता वाले घरों के तहत कवर किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में करीब 13.50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए...प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 साल के लिए बढ़ाने का फैसला



किया गया है, इससे 81 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। इसमें 11 लाख 80 हजार करोड़ रुपए का खर्च भारत सरकार करेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना को मंजूरी दे दी। कृषि उपयोग के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 2023-24 से 2025-2026 के दौरान 15,000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान 26 मार्च 2020 को भारत सरकार द्वारा घोषित एक खाद्य सुरक्षा कल्याण योजना है। यह कार्यक्रम उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा संचालित किया जाता है। लेकिन नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है।

## कौन हैं मुन्ना कुरैशी और वकील खान? टनल में फंसे 41 मजदूरों को बचाने में निभाई अहम भूमिका

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 29 नवम्बर :** उत्तराखंड की सिल्क्यारा-डंडालगांव टनल में 12 नवंबर से फंसे सभी 41 मजदूरों का बाहर निकाल लिया गया है। इसके बाद पूरे देशभर में खुशी की लहर फैल गई। पीएम मोदी समेत देश के लोगों ने रेस्क्यू टीम से जुड़े सभी बचावकर्मियों की मेहनत और धैर्य की जमकर प्रशांस कर रहे हैं। सभी लोगों के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि इस मिशन में शामिल सभी लोगों ने मानवता और टीम वर्क का अद्भुत उदाहरण पेश किया। कई सरकारी एजेंसियां अपने विशाल बलों के साथ सुरंग के अप्रत्याशित इलाके में 24×7 तैनात थीं। टनल में फंसे 41 मजदूरों को बचाने में मुन्ना कुरैशी और वकील खान ने अहम भूमिका निभाई। आइए जानते है कुरैशी और खान के बारे में।

**कौन हैं मुन्ना कुरेशी?**

मुन्ना कुरेशी 29 वर्षीय चूहे-छेद खनिक है जो दिल्ली की एक कंपनी में काम करता है। यह एक ट्रेंचलेस इंजीनियरिंग सेवा कंपनी सीवर और पानी की लाइनों को साफ करती है।



वह उन दर्जनों रैट-होल खनिकों में से एक थे जिन्हें आखिरी 12 मीटर मलबा हटाने के लिए सोमवार को उत्तराखंड लाया गया था।

**क्या होता है रैट-होल खनन**

अमेरिका निर्मित बरमा मशीन के खराब हो जाने के बाद सुरंग से निकाले जाने के बाद रैट-होल खनिक बचाव अभियान का अंतिम सहारा थी। रैट-होल खनन छोटे-छोटे गड्ढे खोदकर कोयला निकालने की एक विधि है। अवैज्ञानिक होने के कारण साल 2014 में इसे कोयला निकालने की विधि के रूप में प्रतिबंधित कर दिया गया था।

**41 लोगों से मिलने वाले पहले बचावकर्मी**

मुन्ना कुरेशी ने कहा कि उन्होंने मंगलवार शाम को आखिरी चट्टान हटाई और 41 फंसे हुए श्रमिकों को देखा। मुन्ना कुरैशी ने कहा, उन्होंने मुझे गले लगाया, तालियां बजाई और मुझे बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

**वकील खान और मोनू कुमार सहित ये भी रहे हीरो**

मोनू कुमार, वकील खान, फ़िरोज़, परसादी लोधी और विपिन राजौत अन्य खनिक थे जो अपने कठिन ऑपरेशन के बाद फंसे हुए लोगों तक पहुंचे। सुरंग के अंदर मौजूद लोग सफलता का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, उन्हें देखते ही खुशी से झूम उठे और उन्होंने गले लगा लिया।

## बीसीसीआई का टीम इंडिया के हेड कोच को लेकर बड़ा ऐलान, राहुल द्रविड़ का कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया



**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 29 नवम्बर :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आज बुधवार को हेड कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ के अनुबंध को आगे बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हाल ही में समाप्त हुए वर्ल्ड कप 2023 के बाद राहुल द्रविड़ के अनुबंध की अवधि भी खत्म हो गई थी। बीसीसीआई ने इस पर चर्चा और सर्वसम्मति से राहुल द्रविड़ के कार्यकाल को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। बीसीसीआई ने एनसीए के प्रमुख और स्टैंड-इन मुख्य कोच के रूप में वीवीएस लक्ष्मण के प्रयासों की भी सराहना की है। बोर्ड की ओर से कहा गया है कि बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, फील्डिंग कोच टी दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे टीम इंडिया के साथ अपना कार्यकाल जारी रखेंगे। बीसीसीआई ने सभी के अनुबंध का समय बढ़ा दिया है। इसके साथ ही बताया गया है कि टीम इंडिया के साथ राहुल द्रविड़ का दूसरा कार्यकाल 10 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका का दौरे से शुरू होगा। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि उनकी दूरदर्शिता, व्यावसायिकता और दृढ़ प्रयास भारतीय टीम की सफलता में अहम रहे हैं। हमें खुशी है कि उन्होंने हेड कोच बने रहने के प्रस्ताव स्वीकार किया है। इसमें संदेह नहीं है कि उनकी अगुवाई में टीम इंडिया सफलता के शिखर पर पहुंचेगी।

## हिसार में राजगुरु मार्केट व जगह-जगह चोरियां होने से व्यापारियों में भय का माहौल : बजरंग गर्ग

### लगातार चोरी, लूटपाट, फिरौती व अपहरण की वारदातों से व्यापारियों में बड़ी भारी नाराजगी

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 29 नवम्बर :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने राजगुरु मार्केट में दुकानों में अपराधियों द्वारा हजारों रुपए की नगदी व कपड़े चोरी करने व इस प्रकार हिसार जिले में जगह-जगह चोरी की वारदातें होने की कड़े शब्दों में निंदा की है। बजरंग गर्ग ने पीड़ित व्यापारियों से मिले और चोरी की पूरी जानकारी ली। बजरंग गर्ग ने व्यापारियों से बातचीत करते हुए कहा कि हिसार जिले के साथ-साथ पूरे हरियाणा प्रदेश में चोरी, अपहरण, फिरौती व लूटपाट की वारदातें बढ़ती जा रही है। यहां तक की हिसार जिले में राजगुरु मार्केट के अलावा जगह-जगह अनेकों चोरियां हो चुकी है मगर पुलिस प्रशासन चोरों को पड़कर चोरी का माल बरामद करने में पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है। पुलिस प्रशासन को चोरों को पड़कर तुरंत चोरी का माल बरामद करना चाहिए। यहां तक की केंद्रीय क्राइम ब्यूरो के आंकड़े के अनुसार हरियाणा क्राइम के मामले में अव्वल स्थान पर है। बजरंग गर्ग ने कहा कि पिछले दिनों सच मोबाइल की दुकान में अपराधियों द्वारा लगभग 70 लाख



व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग पीड़ित व्यापारी से मिलते हुए।

रुपए की मोबाइल व नगदी की चोरी की बारामदी अभी तक नहीं हुई है व राजगुरु मार्केट में व्यापारी बिट्टू सरदाना से पिछले दिनों 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। मगर 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाला मुख्य आरोपी को आज तक पुलिस पकड़ नहीं पाई है जिसके कारण प्रदेश के व्यापारियों में सरकार और पुलिस प्रशासन के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार को व्यापारियों व आम जनता की सुरक्षा के लिए पुख्ता से पुख्ता प्रबंध करने चाहिए। पुलिस प्रशासन को शहर व मंडियों में पीसीआर, मोटरसाइकिल राईडर व पुलिस गस्त की व्यवस्था करनी चाहिए और सरकार को अपने खर्चे पर पूरे शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए ताकि अपराधी अपराध करने की हिम्मत ना कर सके। जिस एरिया में चोरी, लूटपाट की वारदातें होती है उस एरिया के चौकी व थाने इंचार्ज की सरकार को जिम्मेदारी फिक्स करनी चाहिए कि उनके एरिया में वारदात कैसे हुई, इससे क्राइम में अंकुश लगेगा। इस अवसर पर राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र बजाज, राजगुरु मार्केट आर्गेनाइजेशन के प्रधान अक्षय मलिक, महासचिव अजय सैनी, व्यापार मंडल युवा शहरी प्रधान मंगल ढालिया, वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार सैनी, संरक्षक सुरेंद्र सोनी,पूर्व प्रधान टीनू आहूजा व महेश चौधरी, सुभाष मित्तल, केशव अरोड़ा, महेंद्र जिंदल, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, सुरेश सिंगल आदि व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद थे।

## हांसी में पलटी सवारियों से भरी स्लीपर बस, 1 व्यक्ति की मौत, 20 घायल

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 29 नवम्बर :** हांसी में हिसार रोड पर कैंची चौक पर एक स्लीपर बस पलटने से एक व्यक्ति की बस के नीचे दबने से मौत हो गई व करीब 20 लोग घायल हो गए। बस नियंत्रण खोने के चलते पलटी।घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। हादसा रात करीब डेढ़ बजे हुआ। बताया जा रहा है प्राइवेट स्लीपर बस दिल्ली से श्रीगंगानगर जा रही थी। बस रात करीब 10 बजे दिल्ली से चली थी। रात करीब डेढ़ बजे जैसे ही बस हांसी में हिसार रोड़ स्थित कैंची चौक के पास पहुंची तो संतुलन बिगड़ने से बस पलट गई। जिससे बस में सवार लोग दब गए। यात्री एक दुसरे की मदद से बस से बाहर निकले। वहीं हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सिटी व सदर थाना के एसएचओ सहित काफी संख्या में पुलिसकर्मी वहां पहुंचे। साथ ही एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंची। घायलों को बाहर निकाल कर नागरिक अस्पताल में लाया गया। हादसे में मृतक की पहचान गाजियाबाद निवासी



53 वर्षीय मोहम्मद के रूप में हुई। उसके परिजनों ने बताया कि वह भैंस व्यापारी है। उसके 3 बेटे व दो बेटी हैं। घायलों की पहचान श्री गंगा नगर निवासी 43 वर्षीय मुकेश गुप्ता, 38 वर्षीय पवन सोनी व 22 वर्षीय वेदिका, संगरिया निवासी 43 वर्षीय मनोज, 36 वर्षीय प्रियंका, हनुमानगढ़ निवासी 59 वर्षीय महेंद्र पाल, 46 वर्षियमनोज भाटिया, धर्मवीर, कश्मीर निवासी 19 वर्षीय बिलाल, सिरसा निवासी 30 वर्षीय शिवम, गाजियाबाद निवासी 57 वर्षीय मोहम्मद अनवर व 30 वर्षीय सनोवर, हनुमानगढ़ निवासी गौरव घायल हुए। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को सीधा कर सड़क किनारे किया। मामले में पुलिस छानबीन कर रही है।









## सम्पादकीय..........

# एक राजदूत को इस प्रकार से घेरा जाना दुर्भाग्यपूर्ण

अलगाववादियों का दुस्साहस अमेरिका में भी बढ़ता जा रहा है, तो इससे न सिर्फ चिंता होती है, यथोचित कार्रवाई की जरूरत भी शिद्दत से महसूस होती है। अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू को न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में हिक्सविले गुरुद्वारे में खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने घेर लिया। संधू गुरुपर्व के मौके पर गुरुद्वारे में मत्था टेकने गए थे। एक राजदूत को इस प्रकार से घेरा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। अलगाववादियों ने शर्मनाक व्यवहार करते हुए उन्हें आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भी जिम्मेदार ठहरा दिया। कनाडा सरकार ने निज्जर की हत्या के लिए भारत की ओर उंगली उठाई थी, पर अभी तक उसने सुबूत नहीं पेश किया है, मगर अलगावादियों का छोटा समूह है, जो निज्जर को आतंकी नहीं मानता और उसकी हत्या के लिए भारत को गलत ढंग से दोषी ठहराता है। इनका विश्वास न कनाडा सरकार की जांच पर है और न भारत सरकार पर। नतीजतन, यह समूह जगह- जगह भारतीय दूतावास के काम में दखल देने लगा है। अमेरिका में भारतीय राजदूत को घेरने की कोशिश को गंभीरता से लेना चाहिए। बिना प्रमाण के भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराने की यह साजिश हर सूरत में नाकाम होनी चाहिए। वास्तव में,भारत सरकार इन अलगाववादियों को ज्यादा तरजीह नहीं दे रही है, इसलिए भी इनकी खीज दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे समूह अपनी गलत हरकतों या बेबुनियाद नफरत की वजह से धीरे-धीरे स्वयं ही कमजोर होते चले जाएंगे। जिनको सिख धर्म का इतिहास और भूगोल ढंग से नहीं पता, वे ही ऐसी कोरी कल्पनाओं में जी सकते हैं। सिख और हिंदू किसी सुंदर माला की तरह परस्पर ऐसे गूंथे हुए हैं कि उन्हें अलग करने की कोई भी साजिश सिवाय मूर्खता के और कुछ नहीं हो सकती। साथ ही, खालिस्तान के पूरे आंदोलन के पीछे पाकिस्तानी साजिश कई दफा सरेआम बेनकाब हो चुकी है, फिर भी चंद अलगावादी धर्म के नाम पर नफरत की सेवा में डूबे हुए हैं। भारतीय पक्ष पूरे संयम के साथ व्यवहार कर रहा है। प्रशंसा की बात है, भारतीय राजदूत ने तो अपने साथ किसी भी तरह की धक्का- मुक्की का जिक्र तक नहीं किया और कहा कि 'संगत में शामिल होने का सौभाग्य मिला, कीर्तन सुना और गुरु नानक देव के एकजुटता के शाश्वत संदेश पर बात की।' बेशक, किसी को भी यह नहीं भूलना चाहिए, गुरु नानक देव जी का जीवन देश-दुनिया-समाज को परस्पर जोड़ने और सद् आचरण का संदेश देने में ही बीता था। सिख गुरुओं का नाम लेने वाले जो कुछ लोग भटक गए हैं, उन्हें रास्ते पर लाने के लिए अनेक मोर्चों पर शालीनता के साथ संघर्ष करने की जरूरत है। हम देख चुके हैं, ऐसी अफसोसनाक घटनाएं अमेरिका से ज्यादा ऑस्ट्रेलिया में, ऑस्ट्रेलिया से ज्यादा ब्रिटेन में और ब्रिटेन से ज्यादा कनाडा में हो रही हैं। कनाडा में तो अब ऐसे अलगाववादी तत्वों के विरुद्ध भी बड़े प्रदर्शन होने लगे हैं। ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में बीते रविवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर में उच्चायोग के शिविर का विरोध करने आए खालिस्तान समर्थक तत्वों को ईंट का जवाब पत्थर से दिया गया है। जितनी संख्या में खालिस्तान समर्थक जुटे थे, उससे कहीं ज्यादा संख्या में भारत प्रेमियों ने जुटकर पुरजोर जवाब दिया है। यही सही लोकतांत्रिक उपाय या समाधान है। यह समय की मांग है, जब खासतौर पर कनाडा, ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोगों को एकजुट होकर अलगाववादियों को सियासी रूप से हाशिये पर करना चाहिए।

# पूरे संसार में केवल यह चीज हमें किसी के साथ गलत करने से रोकती है

आज मनुष्य अपने शरीर निर्वाह और परिवार पालन के लिए ऊंची से ऊंची लौकिक शिक्षा प्राप्त करता है। पर वास्तविक शिक्षा को जानने की भी कोशिश नहीं करता। जो शिक्षा मनुष्य को चरित्रवान बनाए, उसके अंदर स्थित शक्ति से जुड़कर सुख-शांति की स्थापना में सहयोगी बने उसे ही वास्तविक शिक्षा कहा जा सकता है। सर्वोत्तम शिक्षा वह है जिससे आत्मा प्रकाशमान हो, शरीर शक्तिमान हो और कर्म सुखदायी हो। ऐसी शिक्षा ही युग परिवर्तन का आधार है।

महान वैज्ञानिक आइंस्टाइन जब जीवन के अंतिम पड़ाव पर थे, तब एक अमेरिकी पत्रकार ने उनसे पूछा, 'आपकी अंतिम इच्छा क्या है? अगर पुनर्जन्म लिया तो आप क्या बनना पसंद करेंगे?' सोच-विचार कर आइंस्टाइन बोले, 'मैंने जाने कितने सत्यों और तथ्यों की खोज करने में अपना सारा जीवन लगा दिया। लेकिन अब मुझे महसूस हो रहा है कि मैं तो खाली हाथ जा रहा हूं। मैं इस सब खेल को रचाने वाले सर्वश्रेष्ठ आविष्कारक के बारे में सोच भी नहीं सका। आत्म-परमात्म तत्व को नहीं जान पाया क्योंकि मेरा ध्यान उस तरफ कभी गया ही नहीं। अगर अगला जन्म होता है तो उसमें मैं कोई फिजिसिस्ट नहीं बनना चाहता। मैं प्लंबर बनना चाहता हूं। सरल, सादी जिंदगी चाहता हूं जिसमें आत्मअन्वेषण कर सकूं, अपने वे सच जान सकूं जिनके बारे में सोचने का मौका मैं इस जिंदगी में नहीं निकाल सका।'

हमारी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य यह है कि हम खुद को ही नहीं जानते। हम अपनी प्रकृति या मूल स्वभाव को ही नहीं जानते या फिर शायद जानते हुए भी अनजान हैं। जिस तरह हमें पता है कि पानी का स्वभाव तरल होता है, उसी तरह क्या

**अध्यात्म**

हमें पता है कि मनुष्य का मूल स्वभाव क्या है? अपने आपको जानना यानी 'आत्मबोध'। हर व्यक्ति के अंदर एक शांत शक्ति मौजूद है जिसे हम अंतरात्मा कहते हैं। यह अंतरात्मा हर परिस्थिति में सही होती है। यह अंतरात्मा हमेशा हमें सही रास्ता दिखाती है। जब भी हम कुछ गलत कर रहे होते हैं, तब हमें बड़ा अजीब सा लगता है। जैसे कोई कह रहा हो कि यह कार्य मत करो। यह हमारे अंदर मौजूद आंतरिक शक्ति ही होती है जो हमें बुरा कार्य करने से रोकती है। कहा जाता है कि हर मनुष्य के अंदर ईश्वर का अंश होता है, यही हमारी अंतरात्मा होती है। हमारी प्रकृति या स्वभाव दूसरों की सहायता करना, उनका भला करना है।

प्रश्न उठता है, फिर क्यों एक संत सही मार्ग पर चलता है और अपराधी गलत मार्ग पर? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि संत को अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनाई देती है, पर अपराधी को वह आवाज सुनाई नहीं देती। जब हम अपनी अंतरात्मा की आवाज को अनसुना करने लगते हैं, तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर होने लगता है। अंतरात्मा से हमारी दूरी बढ़ती जाती है और फिर एक दिन ऐसा आता है जब हमें वह आवाज बिल्कुल नहीं सुनाई देती। जैसे-जैसे हमारा अपनी अंतरात्मा के साथ संपर्क कमजोर होता जाता है, वैसे-वैसे हम उदास रहने लगते हैं और अपनी सारी खुशियां भौतिक वस्तुओं में ढूंढने लगते हैं। हम समस्याओं को हल करने में असमर्थ हो जाते हैं जिससे 'तनाव' हमारा हमसफर बन जाता है। इसलिए हमें अपनी अंतरात्मा की आवाज को कभी अनसुना नहीं करना चाहिए, क्योंकि वही सच्ची अंतः प्रेरणा हमारा मार्गदर्शन करती है और पग-पग पर हमें अशुभ से बचाती चलती है।

# टूटने से घबराना कैसा, फिर चाहे वो सपने हो या नींद, जागने में ही बेहतरी है!



-पाठकपक्ष डेस्क-

हम सब एक दूसरे से अलग है, हर एक की अलग-अलग विशेषताएं हैं, अलग गुण अवगुण है पर फिर भी हमारी कोशिश यह होती है कि दूसरे हमारे हिसाब से चले,हम जिसे अच्छा समझते हैं वहीं करें, मतलब हम दूसरे को अपने हिसाब से चलाना चाहते हैं, यही से टकराव की शुरुआत हो जाती है। बहुत बार ऐसा होता है, विशेषकर पेरेंट्स और बच्चों में तो बहुधा देखा जाता है,जब बच्चे अपनी मनमर्जी, या मनमानी करते हैं और फिर जब उन्हें सफलता हाथ नहीं लगती तो हम उन्हें यह जताने से बाज नहीं आते कि हमने तो तुम्हें पहले ही चेताया था, बार-बार कहा था, अब भुगतो, हम इसमें क्या कर सकते हैं आदि आदि। पर हम यह भूल जाते हैं कि हर कोई अपने अनुभव से सीखता है कुछ गंवा कर ही अहसास होता है कि नुकसान कैसे सहा जाता है। ऐसे ही एक युवक जिसका जीवन में क्रिकेटर बनने का सपना था, टूट गया तो बड़ा दुःखी और हताश होकर अपने जीवन को खत्म करने की सोचता है। पर रास्ते में उसे एक महात्मा जी मिलते हैं और जो उसे समझाते हैं कि अगर उसका यह एक सपना टूटा है तो वह अपने लिए कोई नया सपना बुन ले, वो कहते हैं कि 'देखो प्रकृति में तो यह टूटने और बनने का क्रम चलता ही रहता है। ईश्वर टूटी हुई चीजों का इस्तेमाल कितनी खूबसूरती से करता है, बादल टूटने पर पानी की फुहार आती है, मिट्टी टूटने पर खेत का रुप ले लेती है,फल के टूटने पर बीज अंकुरित हो जाता है और बीज टूटने पर एक नये पौधे की संरचना होती है। इसलिए जब भी आप खुद को टूटा हुआ महसूस करें, अपने आप को ईश्वर के समर्पित कर दो, ईश्वर आपका इस्तेमाल किसी बड़ी उपयोगिता के लिए करना चाहता है।' महात्मा जी की बात मान, भारी मन से वह युवक घर आता है और फिर से जीवन के लिए नया सपना बुनता है, बाद में वो एक बहुत बड़ा वैज्ञानिक बन जाता है, पर उसे महात्मा जी की वो बात याद रहती है कि ईश्वर उसका उपयोग किसी बड़े काम के लिए करना चाहते हैं। प्रकृति बड़े रहस्यमय ढंग से हम सब को इस सृष्टि रंग मंच पर नचा रही है, प्रसिद्ध लेखक रमेश चंद्र शाह की ये पंक्तियां, 'गांठ के भीतर वह कौन सी गांठ है, जो, कभी नहीं खुलती?' बात के भीतर वह कौन सी बात है, जो, कभी नहीं बोलती? मगर इन प्रश्नों में यह आशा भी झलकती है कि 'गांठ' भी खुल सकती है और 'बात' भी कभी न कभी बोलेगी ही मनुष्य का सारा प्रयास अपने भीतर उन गांठों को खोलना है, जिसमें उसका अपना हित समाया है।

-डॉ. कमलेश कली

## सुण मौल्लड़ की



टनल में फंसे 41 मजदूर अपने-अपने घर वापिस पहुंचे। खुशी का माहौल।

इनक हिम्मत की दाद देणी पड़ैगी।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। जल्दबाजी करने से बचें। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है।

**वृषभ :** उच्च अध्ययन में आ रही बाधा दूर होगी। वाणी व व्यवहार में संयम बनाए रखें। कला के क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी।

**मिथुन :** नई जिम्मेदारी आने से व्यस्तता बढ़ेगी। व्यापार में विस्तार संभव है। परिवार का साथ खुशी देगा।

**कर्क :** खर्च की अधिकता परेशान करेगी। उधार के लेन-देन से बचें। मन में नकारात्मक विचार आएंगे। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**सिंह :** नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा। मूड़ रोमांटिक बना रहेगा।

**कन्या :** पिता के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति संभव है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**तुला :** भाग्योदय के अवसर मिलेंगे। क्रय-विक्रय के कार्यों से जुड़े लोगों को लाभ होगा। नए संपर्क कैरियर को गति देने में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक :** लोग पीठ पीछे आपकी निंदा करेंगे। बहुमूल्य वस्तु की खरीददारी न करें। मन में अनहोनी का भय रहेगा। काली माता की पूजा करें।

**धनु :** जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी। समय पर काम पूरा होने से मन प्रसन्न होगा।

**मकर :** यात्रा में सावधानी रखें। स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव बना रहेगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। गाय माता की सेवा करें।

**कुंभ :** मन में उत्साह बना रहेगा। भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। मधुर व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे।

**मीन :** पूंजी निवेश करने से बचें नुकसान होने की आशंका। आत्मविश्वास में कमी आएगी। हृदय रोगी सावधानी रखें। भगवान शिव जी की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## कर्म का मर्म

# गोपाल दास का यह ज्ञान

19वीं सदी में गोपाल दास वरैया धर्म और दर्शन के प्रकांड विद्वान और उच्च कोटि के शिक्षाविद हुए। संस्कृत की उपेक्षा उन्हें परेशान करती थी। इसीलिए उन्होंने मध्य प्रदेश के मुरैना में संस्कृत विद्यालय की स्थापना की। धीरे-धीरे यह विद्यालय देश का प्रसिद्ध महाविद्यालय बन गया। वह निर्धन और असहाय छात्रों की आर्थिक सहायता भी करते थे। इस महाविद्यालय से चोटी के विद्वान और स्वतंत्रता सेनानी भी निकले। गोपाल दास जिस नगर में धर्म प्रचार के लिए जाते, वहां से केवल रास्ते का खर्च ही लेते। यदि कभी किसी स्थान से कुछ अधिक धनराशि आ जाती, तो वह हिसाब लगाकर शेष राशि मनीऑर्डर से वापस लौटा देते थे।



बात उस समय की है जब विद्यालय निर्माण के दौरान वहां लकड़ी का कार्य चल रहा था। एक दिन गोपाल दास धर्म प्रचार के लिए बाहर गए हुए थे। उनके पीछे उनकी पत्नी ने बढ़ई से लकड़ी के बचे टुकडों से बच्चे के खेलने के लिए एक खिलौना बनवा लिया। उसे बनाने में बढ़ई को दो घंटे का समय लगा। शाम को बाहर से आने पर पंडित जी की नजर उस खिलौने पर पड़ी तो उन्होंने पत्नी से पूछा कि यह कहां से आया है। पत्नी ने बता दिया कि बढ़ई से बनवाया है।

पंडित जी पत्नी की बात सुनकर नाराज हुए और उन्होंने तत्काल हिसाब लगाकर लकड़ी का मूल्य और बढ़ई के पारिश्रमिक के पैसे विद्यालय के हिसाब में जमा करवा दिए। जब अन्य लोगों को इस बात का पता चला तो उन्होंने कहा, 'पंडितजी, जरा सी बात का इतना हिसाब क्यों करते हैं?' लोगों की बात सुनकर पंडित जी ने कहा, 'जो एक तिल की चोरी कर सकता है वह हीरे की चोरी भी कर सकता है।' उनका उत्तर सुनकर सभी निरुत्तर हो गए। पंडितजी का जीवन ज्ञान और चरित्र का सुंदर समन्वय था। उन्होंने आजीवन उसका पालन किया।

# राज्यपाल से मिले किसान, सौहार्दपूर्ण माहौल में मुलाकात : दिलबाग हुड्डा



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** गत मंगलवार को चंडीगढ़ में भारत वर्ष के संगठनों की मीटिंग के बाद 72 घण्टे के दिए अल्टीमेटम पश्चात धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल अवास् पर 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मिला, जिसमें मुख्य रूप से भा.कि.यू प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा दिलबाग हुड्डा लूदास, जोगेंद्र नैन, सुरेश कौथ, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मिले और एमएसपी की गारन्टी समेत अन्य लंबित मांगों के लिए ज्ञापन सौंपा। बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में मुलाकात हुई, जिसमें राज्यपाल महोदय ने सारी बातें अच्छे से सुनी और इन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही श्री हुड्डा ने बताया कि हिसार में आने वाली 11 तारीख को किसानों की एक मीटिंग रखी जाएगी, जिसमें सरकार के द्वारा इन मांगों पर समीक्षा की जा रही है या नहीं इस पर विचार किया जाएगा। इस मौके पर सत्यवीर पूनिया, मंदीप, रामवीर ढांडा, विजय जागलान, रणबीर, आज़ाद, रत्नमान, अमरजीत, मुकेश खासा, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल के छात्र दिव्यांश का नेशनल स्तर पर चयन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** फरीदाबाद में हरियाणा स्टेट कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दिव्यांश ने सिल्वर पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती गुरप्रीत कौर ने छात्र को बधाई दी व उसका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी छात्रों को इसी प्रकार भविष्य में अपनी प्रतिभाओं का अधिक से अधिक प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल के निदेशक श्री के.के शर्मा व निदेशिका श्रीमती उषा शर्मा ने दिव्यांश के अभिभावक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय नरेंद्र भारद्वाज की दूसरी पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

# नरेंद्र भारद्वाज एक दबंग पत्रकार थे : मोनू हुड्डा






पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 29 नवम्बर :** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय नरेंद्र भारद्वाज की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय एस डी महिला महाविद्यालय के सभागार में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम मोहित महराणा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और देवी सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। एसडीएम ने इस अवसर पर स्वर्गीय नरेंद्र भारद्वाज को श्रद्धा भाव अर्पित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और रक्तदाता समाज के असली हीरो हैं क्योंकि रक्तदाताओं की बदौलत हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले तथा जानलेवा बीमारियों से ग्रस्त लोगों की जान बचा ली जाती है। हमें रक्तदाताओं पर गर्व है क्योंकि वह अपने शरीर से रक्तदान कर दूसरों की जान बचाने का काम करते हैं। उनका यह कार्य समाज में प्रेरणा का स्त्रोत साबित हो रहा है आजकल जहा कहीं भी रक्तदान शिविर लगाया जाता है वहा युवा बढ़ चढ़ कर रक्तदान कर रहे हैं। जो समाज में आपसी मजबूत भाईचारे की भावना को दर्शाता है। एसडीएम ने इस अवसर पर रक्तदाताओं को बेज लगाकर सम्मानित। रक्तदान शिविर में 100 से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय की छात्रा सिमरन ने- ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी- गीत की प्रस्तुति दी। छात्रा मोनिका ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोहा और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के भतीजे मोनू हुडा भी पहुंचे। हुड्डा ने कहा कि नरेंद्र भारद्वाज हमारे पारिवारिक सदस्य थे। उन्होंने बताया कि नरेंद्र भारद्वाज एक दबंग पत्रकार के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, हरियाणा टेक्स ट्रिब्यूनल के पूर्व न्यायिक सदस्य हरपाल बूरा, प्रेम सिंह मलिक, सुमन शर्मा, जय सिंह पाली,योगेंद्र योगी, नगर परिषद् के चेयरमैन प्रवीन इलावादी, नगर परिषद् के वाइस चेयरमैन अनील बंसल, विधायक विनोद भयाना के प्रतिनिधि के रूप में उनके सुपुत्र साहिल भयाना, हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के निदेशक अशोक कनौजिया, शहर थाना प्रभारी उदय भान गोदारा, धर्मपाल सिवाच, सुभाष गुलाटी, सत्यवान उमरा, मास्टर अनील कुमार, मास्टर रविंद्र शर्मा, राजकुमार पाली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
- शुगर • पाचन रोग • थाईराईड
- मोटापा • पुरूषत्व रोग • घुटनों का दर्द
- बी.पी. • सांस की एलर्जी • नसों की ब्लोकेज
- कॉलस्ट्रोल • नशे की आदत • बवासीर
- जोड़ों का दर्द • लीवर व किडनी रोग • न्यूरो रोग
- स्त्री रोग • हृदय रोग
- चमड़ी रोग • एड्स



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहमास्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868



|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
müse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# सरकार में अनबन, खामियाजा भुगत रही जनता : सैलजा

## स्वास्थ्य मंत्री की अरुचि के कारण बढ़े डेंगू से मौत के मामले, चीनी इंफ्लुएंजा से निपटने को भी तैयार नहीं स्वास्थ्य विभाग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 29 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश सरकार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकार में आपसी अनबन के कारण स्वास्थ्य सेवाएं दिन-प्रतिदिन बिगड़ रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री की विभाग के प्रति बेरुखी की वजह से इस साल डेंगू से मरने वालों की संख्या ने पांच साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। केंद्र के आदेश के बावजूद चीनी इंफ्लुएंजा से निपटने के लिए भी प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग किसी तरह की तैयारी नहीं कर पाया है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के अंदर वर्चस्व को लेकर अंतर्द्वंद्व चल रहा है। इसलिए ही यहां गठबंधन की सरकार चला रही जजपा ने राजस्थान में जाकर भाजपा के खिलाफ अलग से चुनाव लड़ा। इससे साफ है कि यह गठबंधन सिर्फ और सिर्फ स्वार्थ, मौका परस्ती व प्रदेश के संसाधनों की लूट का है, इसका विकास या फिर जनहित से कोई लेना-देना नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के अंदर भी एक-दूसरे के बीच शह व मात का खेल चल रहा है। इसका खुलासा स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा डेढ़ महीने से भी अधिक समय से अपने महकमे को न संभालने से होता है। विज और मुख्यमंत्री के बीच शुरू से ही खींचतान है, यह बात कई बार किसी न किसी रूप में सामने आ चुकी है। अब विज सरेआम आरोप लगा रहे हैं कि सीएमओ की ओर से उनके महकमे में दखल दिया जा रहा है, इसलिए वे महकमे से संबंधित कोई काम नहीं देख रहे।

कुमारी सैलजा ने कहा कि यह सब मुख्यमंत्री के इशारे पर हो रहा है, अन्यथा सीएमओ के किसी अधिकारी में इतनी हिम्मत नहीं हो सकती कि वे किसी मंत्री के महकमे में अपने स्तर पर कोई दखलंदाजी कर सकें। इनका मकसद अपनी ही पार्टी के, लेकिन मुख्यमंत्री के विरोधी माने जाने वाले मंत्री को इस कदर परेशान करना है, ताकि वह खुद ही हारकर इस्तीफा दे दे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनिल विज को भी अपनी स्थिति को लेकर सोचना चाहिए। जब महकमे में उनकी चल नहीं रही, तो फिर वे महज कागजों में ही क्यों डमी स्वास्थ्य मंत्री बने हुए हैं। उन्हें सीएमओ के सामने हार मानते हुए स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफा दे देना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि जब डेढ़ महीने से अधिक समय से महकमे के प्रति विज की रूचि ही नहीं है, तो मुख्यमंत्री को भी निर्णायक फैसला लेना चाहिए। उन्हें इस महकमे को छीनकर किसी अन्य को दे देना चाहिए, ताकि लोगों को दवाओं व अन्य जरूरी इलाज के लिए भटकना न होना पड़े।

# जीजेयू में 'युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य : चुनौतियां एवं समाधान' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजित

## चुनौतियों का सामना करने के लिए युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक : डॉ. वंदना बिश्नोई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार की प्रथम महिला वंदना बिश्नोई ने कहा है कि युवाओं का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर ही देश का युवा खुद को और समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ पाएगा और उनके समाधान में अपना योगदान दे पाएगा। डा. वंदना बिश्नोई मंगलवार को विश्वविद्यालय के सैंटर फॉर काऊंसलिंग एंड वैल बींग के सौजन्य से 'युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य : चुनौतियां एवं समाधान' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रही थी। कार्यशाला की अध्यक्षता सैंटर के निदेशक प्रो. संदीप राणा ने की। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ अर्जुन गुप्ता तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से प्रो. सोनिया मलिक कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ थे। सैंटर के सहायक निदेशक प्रो. राकेश बहमनी भी मंच पर उपस्थित रहे।

डा. वंदना बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षण संस्थानों में अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के प्रतिभागियों से कार्यशाला के संबंध में फीडबैक लिया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की कार्यशालाओं के विषयों के चुनाव में और अधिक मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में युवा जिस प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं वे पहले से अलग हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

सैंटर के निदेशक प्रो. संदीप राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की आयु से कम है। ये युवा देश का गौरव, आशा और उम्मीद हैं। मन से मजबूत युवा ही बेहतर भारत का निर्माण कर पाएंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि जीवन में जीवन से बड़ा कुछ नहीं है। सकारात्मक सोचें, मन को खोलना सीखें तथा सकारात्मक बदलावों के लिए अपनी आदतों व धारणाओं में बदलाव लाएं। छोटे-छोटे बदलाव अक्सर बड़े बदलावों का आधार बन जाते हैं। अपनी ताकत को समझकर अपनी प्राथमिकताएं और उद्देश्य तय करें।

विषय विशेषज्ञ अर्जुन गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के समक्ष केरिअर तथा रिलेशनशिप मुख्य चुनौतियां हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे समस्याओं को दबाए नहीं, उनसे डरें नहीं, बल्कि समझें। अपने साथियों के व्यवहार में आने वाले परिवर्तनों पर नजर भी रखें। सलाह से ज्यादा समस्याओं के बारे में सुनना जरूरी है। यह जान लें कि मैं कौन हूं। हमारे खुद की पहचान हमारे अस्तित्व का महत्वपूर्ण पहलू है।



उन्होंने प्रतिभागी युवाओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। प्रतिभागियों ने अपने निजी जीवन तथा उनसे संबंधित समस्याओं के बारे में कई महत्वपूर्ण प्रश्न किए। जिनके समाधान का रास्ता विशेषज्ञों द्वारा सुझाया गया।

प्रो. सोनिया मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी जिंदगी का स्टेयरिंग अपने हाथ में रखें। हर रात के बाद सवेरा आता है। विपरीत परिस्थितियां ही मानव को मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं। हर व्यक्ति के अंदर एक विशेष गुण होता है। इस गुण को विकसित करने की जरूरत है। अपने आप को कभी भी किसी से कम ना आंकें। महामानव बनने की जरूरत नहीं। मानव ही बने रहें तो बेहतर है। धन्यवाद प्रस्ताव सैंटर के सहायक निदेशक प्रो. राकेश बहमनी ने प्रस्तुत किया।

# इकोज़ेन अपने 4जी सक्षम स्मार्ट इकोट्रॉन सौर पंप नियंत्रकों के साथ किसानों को पूर्ण नियंत्रण प्रदान कर सक्षम बनाता है




**पाठकपक्ष न्यूज**

**फतेहाबाद, 29 नवम्बर :** हरियाणा के किसानों को टेक्नोलॉजी में सबसे आधुनिक इकोज़ेन के सोलर पंप सेट मिलेंगे, जिसका इंस्टालेशन पीएम कुसुम योजना के तहत ऑपरेशन पार्टनर महिंद्रा सोलराइज द्वारा तेजी से किया जाएगा। फतेहाबाद हरियाणा क्लीनटेक में एक प्रमुख कंपनी, इकोज़ेन क्लाइमेट-स्मार्ट टेक्नोलॉजी समाधान विकसित करती है, जो किसानों को पैदावार बढ़ाने, बर्बादी में कमी लाने और कृषि आय बढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में सोलर पंप सेट्स में अग्रणी ब्रांड, इकोज़ेन अपने आधुनिक इकोट्रॉन स्मार्ट सोलर पंप कंट्रोलर्स द्वारा 1,60,000 से ज़्यादा भारतीय किसानों को लाभ पहुंचा चुका है। अब हरियाणा के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत इकोज़ेन सॉल्यूशंस भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर, इकोट्रॉन 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध करा रहा है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पंपों को तेज़ी से इंस्टॉल करने के लिए इकोज़ेन ने महिंद्रा सोलराइज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी द्वारा हरियाणा के किसानों को इकोज़ेन की आधुनिक टेक्नोलॉजी महिंद्रा टीम के विस्तृत और प्रभावशाली इंस्टॉलेशन नेटवर्क की मदद से मिल सकेगी। सोलर पंप कंट्रोलर टेक्नोलॉजी के विकास में अग्रणी, इकोज़ेन के कंट्रोलर में आधुनिक फंक्शंस हैं, जो किसानों को अपने पंपों का पूर्ण नियंत्रण देते हैं। 4जी कनेक्टिविटी वाले ये पहले कंट्रोलर्स किसानों को खेत में जाए बिना इकोट्रॉन मोबाइल ऐप की मदद से पंप का संचालन करने, सिस्टम को चालू और बंद करने तथा छोड़े गए पानी की मात्रा एवं उसके बहाव दर की निगरानी करने में मदद करते हैं। इस बारे में इकोज़ेन के सीईओ, देवेन्द्र गुप्ता ने कहा, हमारा उद्देश्य सदैव से यूज़र के लिए आसान और सस्टेनेबल उत्पाद बनाना रहा है, इसलिए 4जी सोलर पंप कंट्रोलर का निर्माण हमारे इसी उद्देश्य के अनुरूप है। हम अपने उत्पादों द्वारा किसानों को जोड़ना और उनका काम आसान बनाना चाहते हैं। पीएम कुसुम योजना की मदद से किसान रियायती मूल्य में सोलर-पॉवर्ड कंट्रोलर इंस्टॉल कर सकेंगे, और लंबे समय के लिए एक सस्टेनेबल विकल्प प्राप्त कर सकेंगे।

# प्रदूषण जांच केंद्रों की व्यापक जांच के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान


**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** जिले में दिसंबर माह के दौरान प्रदूषण जांच केंद्रों की व्यापक जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यदि कोई भी प्रदूषण जांच केन्द्र नियमों के विरुद्ध अवैध संचालन करता हुआ पाया गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस संदर्भ में आरटीए कार्यालय में सहायक सचिव विकास ठकराल की अध्यक्षता में प्रदूषण जांच केंद्रों के संचालकों के साथ कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें प्रदूषण जांच केंद्रों बारे सरकार द्वारा समय-समय पर जारी हिदायतों से अवगत करवाया गया तथा यह भी बताया गया यदि भविष्य में किसी भी प्रदूषण जांच केंद्र पर सरकार द्वारा जारी नियमों की अवहेलना की गई उनके विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सभी प्रदूषण जांच केंद्रों के पास प्रदूषण जांच केंद्र पर वैध लाइसेंस होने के साथ-साथ उसका कोड तथा रेट लिस्ट दर्शाना अनिवार्य है। अगर कोई संचालक निर्धारित फीस से ज्यादा फीस वसूल करता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। प्रदूषण जांच केंद्र पर वही कर्मचारी कार्य करने योग्य रहेगा, जसे एआरएआई द्वारा प्रशिक्षित प्राप्त हो। प्रदूषण जांच केंद्र पर पैट्रोल व डीजल के प्रमाण पत्र की वैधता का विवरण होना भी आवश्यक है। वाहनों का प्रदूषण जांच करते समय विशेष ध्यान रखा जाए कि यातायात प्रभावित न हो। इसके अतिरिक्त उपकरणों का उचित रखरखाव करना आवश्यक है। जांच केंद्र पर उपलब्ध गैस एनालाइजर व स्मोक मीटर की वैधता और इस बाबत केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम-1989 के अन्तर्गत सभी नियमों का पालन आवश्यक है। सभी केंद्रों पर उपलब्ध मशीनों की नियमित समय अवधि के बाद संबंधित कंपनी से जांच कराना होगा। पास व फेल किए गए वाहनों का पूरी तरह रखरखाव रखें तथा उसकी सूचना प्रत्येक माह आरटीए कार्यालय भिजवाना सुनिश्चित किया जाए।

# हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2023 (एचटीएसई) का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 29 नवम्बर :** गत मंगलवार को प्रदेश भर में हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2023 (एचटीएसई) का आयोजन शुरू किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में 5वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्र व छात्राओं ने भाग ले रहे हैं। यह जानकारी देते हुए हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिजीत कुलकर्णी ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रदेशभर के एचकेसीएल लर्निंग सेंटरों पर ऑनलाइन मोड में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक विभिन्न श्रेणियों में यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। एमडी अभिजीत कुलकर्णी ने बताया कि दिसंबर माह में एचकेसीएल द्वारा परीक्षा परिणाम और परितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा।



राज्य स्तर पर प्रत्येक ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ पांच छात्रों को मेडल, सर्टिफिकेट व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नकद पुरस्कार में प्रथम स्थान पर 5100 रुपये, द्वितीय स्थान पर 4100 रुपये, तृतीय स्थान पर 3100 रुपये, चतुर्थ स्थान पर 2100 रुपये व पांचवें स्थान पर 1100 रुपये दिए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रत्येक ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ तीन विद्यार्थियों को मेडल, सर्टिफिकेट व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, वहीं परीक्षा में सम्मलित सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# टहनियों तक जाये बिना सर्वोत्तम फल नहीं मिलेगा

## मंजिल मिल ही जाएगी भटकते हुए ही सही, गुमराह तो वो हैं जो घर से निकले ही नहीं



लोग नई चीजें हासिल करने के बजाय आसान चीजों में लग जाते हैं। लोग नई चीजों का आविष्कार करने या अपना खुद का स्टार्टअप बनाने के बजाय और सुरक्षित नौकरियों में चले जाते हैं। इसके अलावा, डर से आत्मविश्वास और अपने ऊपर भरोसे की कमी भी हो सकती है। जो व्यक्ति लगातार डर के साथ जी रहे हैं, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह करते हैं और जोखिम लेने के साथ आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। सिडनी बॉक्सिंग डे टेस्ट में सचिन तेंदुलकर पहली पारी में अपनी कम क्षमता के कारण नहीं बल्कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद के डर के कारण आउट हुए। अगली पारी में उन्होंने किसी भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद को न खेलने का जोखिम उठाने के लिए मानसिक रूप से तैयारी की और इसके परिणामस्वरूप ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाया।

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

13वीं शताब्दी ई. में एक दर्जन से अधिक जहाज़ के कप्तान छोटे-छोटे मार्गों से होने वाले समुद्री व्यापार और खोज में व्यस्त थे। लेकिन लंबी यात्रा का डर, मौसम की अनिश्चितता का डर, समुद्र का डर और अंततः अज्ञात के डर ने उन्हें लम्बी समुद्री यात्रा में जाने से रोक दिया। बहादुर और साहस वाले व्यक्ति ने समुद्र की इस चुनौती को स्वीकार किया और लंबी तथा असंभव यात्रा शुरू की। उन्होंने सभी प्रतिकूलताओं के खिलाफ जाने और नई दुनिया की खोज करने का जोखिम उठाया। इसके परिणामस्वरूप एक नए समुद्री मार्ग की खोज हुई और भारतीय उपमहाद्वीप के साथ यूरोपीय व्यापार शुरू हुआ। जोखिम उठाने का परिणाम उन्हें न केवल थोड़े समय में अधिशेष व्यापार के रूप में मिला, बल्कि लंबे समय तक उनका नाम भारतीय उपमहाद्वीप में आने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास के पन्नों पर अंकित हो गया और उनका नाम है वास्को डी गामा।

डर एक प्राकृतिक मानवीय भावना है जो अक्सर जोखिम लेने में बाधा के रूप में कार्य करती है । यह एक शक्तिशाली प्रभाव है जो व्यक्तियों को पंगु बना सकती है, उन्हें उनकी वास्तविक क्षमता प्राप्त करने से रोक सकती है। यह शोध किया गया है कि कैसे डर के साथ रहना हमें जोखिम लेने से रोक सकता है, विकास और सफलता के अवसरों से वंचित कर सकता है। हालाँकि, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकले बिना, हम कभी भी जीवन में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगे। जोखिम लेने के सकारात्मक पहलुओं की जांच करके, हम डर पर काबू पाने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसरों को अपनाने के महत्व को समझ सकते हैं। जोखिम लेने की क्षमता में सबसे बड़ा स्पीड ब्रेकर- डर डर विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जैसे असफलता, अस्वीकृति या अज्ञात का डर। यह व्यक्तियों को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है और उनकी निर्णय लेने की क्षमता पर असर डाल सकता है।

हमारे पास पानीपत की तीसरी लड़ाई का एक बड़ा उदाहरण है जहां दुश्मन का डर खुद से ज्यादा शक्तिशाली था। इसने मराठों को मानसिक रूप से बीमार बना दिया और उनके निर्णय खंडित हो गए, और इससे मराठाओं की सबसे बड़ी हार हुई। लोग अक्सर अपनी वर्तमान परिस्थितियों के साथ सहज हो जाते हैं, जोखिम लेने के बजाय अपने आराम क्षेत्र के दायरे में रहना पसंद करते हैं। असफलता का डर व्यक्तियों को पीछे धकेल देता है, क्योंकि वे शर्मिंदगी, निराशा या वित्तीय नुकसान जैसे संभावित परिणामों से डरते हैं। डॉक्यूमेंट्री 14 पीक्स में, हम उस आदमी को देखते हैं जिसे किसी चीज का डर नहीं है, वह आसानी से जोखिम ले सकता है और कल्पना से परे जा सकता है। उस एक युवा ने मजबूत मानसिकता के साथ 14 चोटियों पर विजय प्राप्त की। साथ ही, यह डर एक बाधा बन जाता है, जो उन्हें नई संभावनाएं तलाशने से रोकता है।

लोग नई चीजें हासिल करने के बजाय आसान चीजों में लग जाते हैं। लोग नई चीजों का आविष्कार करने या अपना खुद का स्टार्टअप बनाने के बजाय और सुरक्षित नौकरियों में चले जाते हैं। इसके अलावा, डर से आत्मविश्वास और अपने ऊपर भरोसे की कमी भी हो सकती है। जो व्यक्ति लगातार डर के साथ जी रहे हैं, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह करते हैं और जोखिम लेने के साथ आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। सिडनी बॉक्सिंग डे टेस्ट में सचिन तेंदुलकर पहली पारी में अपनी कम क्षमता के कारण नहीं बल्कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद के डर के कारण आउट हुए। अगली पारी में उन्होंने किसी भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद को न खेलने का जोखिम उठाने के लिए मानसिक रूप से तैयारी की और इसके परिणामस्वरूप ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाया।

डर व्यक्तियों को किसी भी स्थिति के नकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे जोखिम के विपरीत मानसिकता पैदा होती है। वे अज्ञात क्षेत्र में जाने की बजाय यथास्थिति पर कायम रहने के इच्छुक हो सकते हैं। जोखिम लेने के प्रति यह नापसंदगी किसी की क्षमता को सीमित कर सकती है और व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में प्रगति में बाधा उत्पन्न कर सकती है। जोखिम उठाएं और सार्थक परिणाम पाएं हालाँकि डर के साथ जीना सुरक्षित और आरामदायक लग सकता है, लेकिन यह अंततः व्यक्तियों को जीवन से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने से रोकता है। महात्मा गांधी ने बिल्कुल नई तरह का सत्याग्रह शुरू करने का जोखिम उठाया। कई लोगों ने उनकी आलोचना की लेकिन उनके अनोखे विचार ने न केवल उन्हें महानतम नेताओं में से एक बनाया बल्कि देश की आजादी हासिल करने में भी मदद की। व्यक्तिगत विकास, नवाचार और सफलता के लिए जोखिम उठाना आवश्यक है। जोखिम उठाना व्यक्तियों को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने की चुनौती देता है, जिससे उन्हें नए अवसरों और अनुभवों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

मैडम क्यूरी का उदाहरण यहाँ उपयुक्त है। उसने रेडियोऐक्टिविटी का प्रयोग करने का जोखिम उठाया। किसी ने भी उन पर विश्वास नहीं किया लेकिन उनके सकारात्मक दृष्टिकोण से रेडियोधर्मी तत्वों पर सफल परिणाम मिले और उन्हें अपने अनुकरणीय कार्य के लिए दो नोबेल पुरस्कार मिले। इसके अलावा, जोखिम उठाना व्यक्तिगत विकास, लचीलापन और अनुकूलन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करता है। हंगरी की एथलीट कैरोली टाकाक्स इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। द्वितीय विश्व युद्ध में एक हाथ खोने के बाद उन्होंने साहस दिखाया और फिर से ओलंपिक में भाग लेने का जोखिम उठाया। खुद लगातार मेहनत और जीत के सकारात्मक रवैये ने ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिला दिया। इसके अतिरिक्त, केवल जोखिम लेने में संलग्न होकर ही व्यक्ति अपने सच्चे जुनून और क्षमता की खोज कर सकते हैं। यह व्यक्तियों को अपनी सीमाओं का परीक्षण करने के लिए प्रेरित करता है, उन्हें असफलताओं से सीखने और उन सबक को अपनाने में सक्षम बनाता है जो अन्यथा संभव नहीं होते।

क्या डर हमेशा बुरा होता है? प्रतिपक्ष पर सोच उत्तर है- नहीं। डर का आयाम सापेक्ष भी है और व्यक्तिपरक भी। बचपन में हम बच्चों को सजा का डर दिखाते हैं। इससे वे अधिक अनुशासित हो जाते हैं । इसलिए जीवन में कुछ डर जरूरी हैं। कानून का डर कानून व्यवस्था को प्रभावशाली बनाता है, समाज का डर लोगों को जिम्मेदार और जवाबदेह बनाता है और विफलता का डर लोगों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। कल्पना से परे जाना आप जो कुछ भी चाहते हैं वह डर के दूसरी तरफ है जबकि जोखिम लेने के फायदे स्पष्ट हैं, यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि डर पर काबू पाना कहना जितना आसान है, करने में उतना आसान नहीं है। डर मानव मनोविज्ञान में गहराई से समाया हुआ है और इसका पूर्ण उन्मूलन संभव नहीं है। हालाँकि, व्यक्ति डर को कम करने और जोखिम लेने की मानसिकता विकसित करने के लिए रणनीतियाँ अपना सकते हैं।


-प्रियंका 'सौरभ'

डर अक्सर संभावित परिणामों के नकारात्मक दृष्टिकोण से उत्पन्न होता है। अपनी मानसिकता को नए सिरे से तैयार करके और जोखिम लेने के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करके, हम डर को कम कर सकते हैं और आत्मविश्वास को मजबूत कर सकते हैं। यहां शिक्षा व्यवस्था और परिवार की भूमिका सामने आती है। शिक्षा प्रणाली को स्वयं में संशोधन करने और छात्रों को असफलताओं से सीखने और जोखिम लेने, विकल्प खोजने और पाठ्यक्रम से परे जाने की शिक्षा देने की आवश्यकता है। असफलताओं को असफलता के रूप में देखने के बजाय, उन्हें सफलता और सीखने के अवसरों की दिशा में कदम के रूप में देखा जा सकता है। अगली महत्वपूर्ण बात लचीलापन विकसित करने के बारे में है। लचीले व्यक्ति विकास और सुधार के लिए ईंधन के रूप में असफलताओं का उपयोग करके असफलताओं, रुकावट और अस्वीकृति से उबर सकते हैं। हमारे पास स्पेसक्स का एक बहुत बढ़िया उदाहरण है।

हमें दूसरों को लाभ पहुंचाने की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए दैनिक जीवन में नैतिकता की आवश्यकता है। इसीलिए भारतीय समाज में हम प्रार्थना करते हैं। डर के साथ जीना निस्संदेह व्यक्तियों को जोखिम लेने से रोक सकता है। विफलता, अस्वीकृति और अज्ञात का डर अक्सर एक बाधा के रूप में कार्य करता है, जो व्यक्तियों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने से रोकता है। हालाँकि, व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में जोखिम लेने के महत्व को पहचानना आवश्यक है। अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलकर, अवसरों को अपनाकर और अपनी सीमाओं को चुनौती देकर, हम व्यक्तिगत विकास प्राप्त कर सकते हैं, नवाचार में योगदान दे सकते हैं और सफलता प्राप्त कर सकते हैं। डर पर काबू पाने के लिए अपना दृष्टिकोण बदलना, लचीलापन बनाना, विकास की मानसिकता अपनाना, यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करना और समर्थन प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसा करने से, हम जोखिम लेने वाली मानसिकता विकसित कर सकते हैं, जो हमें जीवन में मिलने वाले सर्वोत्तम परिणामों तक पहुंचने में सक्षम बना सकती है।

## एफ.सी. कॉलेज में संविधान दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता में श्रेया रही प्रथम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में 25 नवम्बर को राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। राजनीतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुनीता रानी ने भारतीय संविधन के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी सांझा की। भाषण प्रतियोगिता में श्रेया ने प्रथम स्थान, हरप्रीत ने द्वितीय ओर इमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निर्णायक की भूमिका डॉ. संगीता शर्मा और डॉ. पीयूषा शर्मा ने निभाई। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा उन्हें अपने संविधान का पालन और सम्मान करने के लिए प्रेरणा दी तथा विजयी छात्राओं को पुरस्कार वितरित करते हुए उन्हें बधाई दी।


## ओएसजीयू में मनाया गया संविधान दिवस




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में विगत दिवस स्कूल ऑफ लीगल स्टडी, एग्रीकल्चर और स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन ने मिलकर संविधान दिवस मनाया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने सभी को संविधान दिवस की बधाई दी। उन्होंने संविधान के महत्व को उजागर करते हुए मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक, प्रति-कुलपति डॉ अजय पोदार ने कहा कि हमारा देश भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमे संविधान को बनाने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। यह हमारे लिए बहुत उपयोगी है। सभी को संविधान को जरूर पढ़ना चाहिए। संविधान की प्रस्तावना के शुरूआती तीन शब्दों ''वी द पीपल'' सिर्फ शब्द नहीं है भारत के लोकतांत्रिक देश होने की तरफ इशारा करता है जहां पर सरकार का निर्धारण जनता करती है। इस अवसर पर ओएसजीयू के विद्यार्थियों में डिबेट और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। विजेता प्रतिभागियों को उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के तीनों विभागों के डीन, इंचार्ज, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## कार्तिक माह की पूर्णिमा को श्री तिरुपति बालाजी धाम में श्रद्धालुओं ने किया दीपदान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** श्री तिरुपति बालाजी धाम में दीपदान उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्तिक माह की पूर्णिमा के अवसर पर तिरुपति धाम सैकड़ों दीयों से जगमग हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ दीपदान किया और भगवान तिरुपति बालाजी, पद्मावती माता व गोदांबा माता की आराधना की। भक्तों ने अपने इष्ट के समक्ष मस्तक झुकाकर मन्नत भी मांगी। धर्म ग्रंथों के अनुसार कार्तिक मास की पूर्णिमा को देवतागण स्वर्गलोक से उतरकर दीपदान करने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। इसलिए इस दिन को देव दीपावली के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन दीपदान करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसलिए श्रद्धालु धार्मिक स्थलों पर, नदियों या तालाबों के पास दीए जलाकर अपने इष्ट की आराधना करते हैं। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति धाम में देव दीपावली के अवसर पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। विद्वान अर्चकों ने पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ इस उत्सव का निर्वहन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को गोष्ठी प्रसाद का वितरण भी किया गया।

## जीजेयू में एसेंशियल डॉक्यूमेंट्स फॉर्मेटिंग स्किल विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एसेंशियल डॉक्यूमेंट्स फॉर्मेटिंग स्किल विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के लगभग 60 शोधकर्ताओं ने भागीदारी की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी तथा कहा कि कार्यशाला का विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे शोधार्थियों को उच्च स्तरीय शोध करने में सहायता मिलेगी। कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी कार्यशाला के आयोजकों को बधाई दी। कार्यशाला में विभाग के चेयरमैन प्रो. ओमप्रकाश सांगवान ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए शोध के पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन विभाग के प्राध्यापक डा. सुनील वर्मा और डा. अभिषेक काजल ने किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डा. सुनील वर्मा ने अपने व्याख्यान में शोधकर्ताओं को थीसिस लिखने के लिए उपयोग में आने वाले मुख्य टूल्स माइक्रोसॉफ्ट वर्ड व पावरप्वाइंट से जुड़े विभिन्न विकल्पों की विस्तृत में जानकारी दी। साथ ही मुख्य रेफरेंस टूल जोटेरो के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के कॉर्डिनेटर डा. अभिषेक काजल ने शोधार्थियों को शोध कार्य के लिए वर्तमान में उपलब्ध विभिन्न एआई टूल्स के प्रयोग से बचने की सलाह दी। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने शोध प्रस्तुति से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के जवाब मुख्य वक्ता डा. सुनील वर्मा से जाने। कार्यशाला के आयोजन में शोधार्थी मनदीप पाचर ने सहयोग किया।

# 2 और 3 दिसंबर को आयोजित होगी एचटेट की परीक्षा : उपायुक्त उत्तम सिंह

### जिले में 38 परीक्षा केंद्रों पर 28 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा 2 और 3 दिसंबर को अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटीईटी) की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने एचटीईटी परीक्षा दिसंबर-2023 के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों और परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अध्यापक पात्रता परीक्षा के मद्देनजर सभी प्रकार के इंतजाम करना सुनिश्चित किए जाएं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। परीक्षा के दौरान किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की कोताही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि शिक्षा विभाग की एचटेट-2023 अधिसूचना के अनुसार एचटीईटी के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को हरियाणा सरकार द्वारा लेवल 1 और 3 शिक्षकों के रूप में भर्ती किया जाएगा। एचटेट परीक्षा 2 और 3 दिसंबर, 2023 को आयोजित की जानी है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने www.bseh.org.in पोर्टल पर अधिसूचना भी जारी की है। परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले में स्थित सभी परीक्षा केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर, जैमर, सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक तथा वीडियोग्राफी सहित सभी आवश्यक प्रबंध करने के लिए तकनीकी अधिकारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। परीक्षा को लेकर जिले में 38 केंद्रों की स्थापना की गई है, जिनमें लगभग 28 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। विवाहित महिला परीक्षार्थियों को बिंदी एवं मंगलसूत्र पहन सकती हैं, मगर अन्य आभूषणों पर रोक रहेगी। अति दिव्यांग श्रेणी में आने वाले परीक्षार्थियों को 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। किसी भी प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर परीक्षार्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। तकनीकी सहयोग के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस बल एवं फ्लाईंग अधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित करने के लिए हिदायत दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग ने परीक्षा को लेकर शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए मापदंड के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया जिले में 2 दिसंबर को लेवल-3 के लिए सायं कालीन सत्र (3 बजे से 5:30 बजे तक) तथा 3 दिसंबर को लेवल-2 के लिए प्रातः कालीन सत्र (10 बजे से 12:30 बजे तक) व लेवल-1 के लिए सायं कालीन सत्र (3 बजे से 5:30 बजे तक) परीक्षाएं आयोजित करवाई जाएंगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसीयूटी अर्पित सांगल सहित शिक्षा बोर्ड के अधिकारी एवं परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

### दयानन्द महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## व्यक्ति को उसके कर्म से पहचानें, जन्म से नहीं: डॉ. विक्रमजीत सिंह




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार की एनएसएस इकाईयों द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। जैसा कि विदित है कि 26 नवम्बर पूरे भारत वर्ष में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि इस दिन देश के संविधान को लिपिबद्ध किया गया था। इसी उपलक्ष्य में दयानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने एनएसएस स्वयंसेवकों व प्राध्यापकों को संविधान की प्रस्तावना से अवगत कराया। उन्होंने विस्तारपूर्वक संविधान की व्याख्या करते हुए बताया कि संविधान निर्माताओं ने देश की जनता को महता देते हुए इस प्रस्तावना की संरचना की। उन्होंने संविधान की प्रभुत्व सम्पन्नता, लोकतन्त्रात्मकता, धर्मनिरपेक्षता, समानता व गणतन्त्रता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार भारत का संविधान सभी नागरिकों को न्याय, समता, स्वतन्त्रता, राष्ट्रीय भाईचारा, एकता व अखण्डता का अधिकार देता है। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छवि मंगला ने प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह का आभार व्यक्त किया। अन्य कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चेतन शर्मा, डॉ. इन्द्रजीत सिंह व डॉ. वलेरिया सेठी ने आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. शम्मी नागपाल, डॉ. रेनू राठी, प्रो. नरेन्द्र कुमार व अन्य प्राध्यापक एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## भारत माता मंदिर में धूमधाम से मनाए गए देवी दीपावली व दीपदान महोत्सव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** आध्यात्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े भारत माता मंदिर में देव दीपावली व दीपदान महोत्सव धूमधाम से मनाए गए। श्रद्धालुओं ने ओम व स्वास्तिक सहित विभिन्न धार्मिक चिह्नों की प्रतिकृति जलते दीयों से बनाकर पूरे मंदिर को सजा दिया। इतना ही नहीं अनगिनत दीयों की आभा से पूरा मंदिर जगमग हो उठा। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने अपने इष्ट के समक्ष पूजा व आराधना करके जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महता, पुजारी पंडित रामकिशोर शुक्ल, मनोरमा गुप्ता, लता सिंगल, इंदु गोयल, बिमला कथूरिया, मधु बंसल, उमा राजगढ़िया, रेखा अग्रवाल, मीना सिंगल, मंजू, अंजू, उमा, शालू, रीना, इंदु व मिताली सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर के संरक्षक अनिल महता ने बताया कि यहां पर समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विभिन्न आयोजनों व समागम के लिए भारत माता मंदिर में स्व. चौ. फतेहचंद स्मृति सत्संग भवन का निर्माण भी किया गया है। इस सत्संग भवन में धार्मिक व सामाजिक संगठन भी विभिन्न आयोजन करते रहते हैं।

## तीन दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं को मशरूम उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ नीलम कुमारी के नेतृत्व में साइना नेहवाल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एण्ड ट्रैनिंग एजूकेशन सीसीएस एचएयू हिसार में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन से जुड़ी हुई कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 20 छात्राओं ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य सुन्दर सिंह ढ़ांडा ने छात्राओं को कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न वैज्ञानिकों ने छात्राओं को मशरूम के उत्पादन से संबंधित जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों द्वारा छात्राओं को बताया गया कि मशरूम में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो हमारे शरीर के रोग प्रतिरोधक प्रणाली को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ कई बिमारियों से भी हमारी मदद करता है। मशरूम एक ऐसी खास सब्जी है, जिसका स्वाद जिस भी व्यंजन में जाता है उसे लाजवाब बना देता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि किस प्रकार से मशरूम उगाया जा सकता है, कौन से मौसम में इसकी पैदावार अच्छी होगी, कौन-सी मशरूम स्वास्थ्य के लिए लाभदायक रहती है आदि जानकारियां दी गई। छात्राओं को बताया गया कि मशरूम की खेती करके वे अपना व्यापार शुरू कर अपना कैरियर एग्रीकल्चर में बना सकती हैं। कार्यशाला के अन्तिम दिन छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

## चिन्हित अपराध के मामलों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** चिन्हित अपराध के मामलों की समीक्षा को लेकर मंगलवार को उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगणों ने चिन्हित अपराध के मामलों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस तथा जिला न्यायवादी कार्यालय के अधिकारियों को हिदायत दी कि वे चिन्हित अपराध की श्रेणी में आने वाले पोक्सो एक्ट, 302, 307, 395, 376, 354, 304 बी, एनडीपीएस सहित अन्य मामलों में गहनता से जांच करने के बाद केस की अदालत में ठोस पैरवी करें, ताकि दोषी को कठोर दंड तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। गवाहों/साक्ष्यों के बचाव, उनकी सुरक्षा तथा अन्य कानूनी पहलुओं का विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में महा-अधिवक्ता कार्यालय परिसर की तर्ज पर हिसार में भी जिला न्यायवादी कार्यालय परिसर स्थापित करने को लेकर विचार-विमर्श किया।

## परीक्षार्थियों की राहत के लिए पीजीटी परीक्षा तिथि में बदलाव के लिए हजारों छात्रों ने लगाई गुहार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 29 नवम्बर :** एचपीएससी द्वारा पीजीटी परीक्षा एवं सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाने वाले ईएमआरएस परीक्षा की तिथि 16 दिसंबर निर्धारित की गई है। इतना ही नहीं दोनों परीक्षाएं सायंकालीन सत्र में आयोजित की जाएंगी। दोनों परीक्षाओं का दिन व समय एकसमान होने के कारण परीक्षार्थियों में रोष व्याप्त है। हजारों परीक्षार्थी ऐसे हैं जो दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन करके जी-जान से तैयारी में जुटे हैं लेकिन अब ऐसे आवेदनकर्ताओं को एक परीक्षा से वंचित रहने का डर सताने लगा है।

हिसार में बहुत से परीक्षार्थियों ने इकट्ठे होकर रोष जताया और पीजीटी परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करने के लिए बहुत से युवाओं ने एचपीएससी को ईमेल भी की है। हिसार निवासी राजकुमार, सुभाष, रवीना, सुमन, उषा, अनिल, राजेश, कविता, सुनील व मोहन का कहना है कि ईएमआरएस ने प्रतिभागियों के परीक्षा स्थल जारी करके पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वे परीक्षा में किसी भी तरह का परिवर्तन करने में सक्षम नहीं हैं। अभी पीजीटी परीक्षा के लिए अनुक्रमांक व परीक्षा केंद्र की सूची जारी होनी है। इसलिए पीजीटी परीक्षा की तिथि में बदलाव निहायत ही जरूरी है।

राजकुमार ने कहा कि वे अपने बहुत से साथियों के साथ मिलकर कई महीनों से पीजीटी व ईएमआरएस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं लेकिन जब से यह ज्ञात हुआ है कि दोनों परीक्षाएं एक ही दिन हैं, सभी परीक्षार्थियों की रातों की नींद उड़ गई है। उन्होंने कहा कि एक परीक्षा छूटने की आशंका के चलते उनकी तैयारी भी प्रभावित हो रही है। राजकुमार व उनके साथियों ने बताया कि ऐसी ही समस्या के निराकरण के लिए हाल ही में बीपीएससी परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया था। इसी तरह पीजीटी परीक्षा की तिथि में बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हजारों परीक्षार्थी एचपीएससी से गुहार लगा रहे हैं कि पीजीटी की परीक्षा की तिथि बदलकर उन्हें परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जाए।

हिसार के परीक्षार्थियों ने कहा इस समस्या को समझते हुए जिला प्रशासन व अन्य संगठनों को उनका साथ देना चाहिए और एचपीएससी से संपर्क साधकर इस समस्या का त्वरित निदान करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा तिथि परिवर्तन हो जाए तो हजारों परीक्षार्थियों को राहत मिलेगी।

## हरियाणा के किसानों को टेक्नोलॉजी में सबसे आधुनिक इकोज़ेन के सोलर पंप सेट मिलेंगे

**पाठकपक्ष न्यूज**

**रोहतक, 29 नवम्बर :** हरियाणा क्लीनटेक में एक प्रमुख कंपनी, इकोज़ेन क्लाइमेट-स्मार्ट टेक्नोलॉजी समाधान विकसित करती है, जो किसानों को पैदावार बढ़ाने, बर्बादी में कमी लाने और कृषि आय बढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में सोलर पंप सेट्स में अग्रणी ब्रांड, इकोज़ेन अपने आधुनिक इकोट्रॉन स्मार्ट सोलर पंप कंट्रोलर्स द्वारा 1,60,000 से ज़्यादा भारतीय किसानों को लाभ पहुँचा चुका है। अब हरियाणा के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत इकोज़ेन सॉल्यूशंस भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर, इकोट्रॉन 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध करा रहा है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पंपों को तेज़ी से इंस्टॉल करने के लिए इकोज़ेन ने महिंद्रा सोलराइज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी द्वारा हरियाणा के किसानों को इकोज़ेन की आधुनिक टेक्नोलॉजी महिंद्रा टीम के विस्तृत और प्रभावशाली इंस्टॉलेशन नेटवर्क की मदद से मिल सकेगी। इकोट्रॉन भारत का पहला 4जी इनेबल्ड सोलर पंप कंट्रोलर है। इसका डिज़ाइन और निर्माण भारत में इकोज़ेन द्वारा किया गया है। यह किसानों को सस्टेनेबल, किफायती और आधुनिक सिंचाई टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करता है। इकोज़ेन की स्मार्ट और सस्टेनेबल कृषि टेक्नोलॉजी का लक्ष्य किसानों को ज़्यादा प्रभावशाली और उत्पादक कृषि विधियों के निर्माण में समर्थ बनाना और क्लीनटेक, डेटा, एआई एवं आईओटी की मदद से भारत की एग्रोनॉमी के विकास में सरकार की सहायता करना है।

# सूर्य नगर निवासियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष मांग उठाने हेतु हरीश वर्मा को सौंपा मांग पत्र



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** सूर्य नगर निवासियों ने विभिन्न संगठनों से जुड़े समाजसेवी हरीश वर्मा को मुख्यमंत्री के समक्ष मांग उठाने हेतु एक मांग पत्र पत्र सौंपा। सूर्य नगर निवासियों ने पत्र के माध्मय से मांग उठाई कि सूर्य नगर की गली नंबर 25 से मेन रोड को जाने के लिए रेलवे फाटक पड़ता है। यह मार्ग गली नं. 25 से शिव कालोनी से जुड़ता हुआ विद्युत नगर के सामने जुड़ता है। उनकी मांग है कि यहां अंडरपास बनाया जाए ताकि आम जन को इसका पूरा लाभ मिल सके। हरीश वर्मा ने कहा कि वे सूर्य नगर वासियों की इस मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। हरीश वर्मा 3 दिसंबर को जीजेयू के सभागार में हो रहे युवा सम्मेलन के लिए निमंत्रण देने सूर्य नगर पहुंचे थे। इस मौके पर कृष्णलाल, कुलदीप पहल, जगबीर नेहरा, सुभाष चंद्र, रणबीर, राजबीर, धरमू, आनंद, राजेश, रवीश कुमार, रामकुमार, दिनेश, बलजीत सिंह लाठर, राहुल, शीलू व सूर्य नगर निवासी उपस्थित थे।

# हिसार नगर निगम कमिश्नर की नियुक्ति संबंधी आज तक गजट नोटिफिकेशन नहीं

## हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 45(1) के अंतर्गत राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन है आवश्यक

पाठकपक्ष न्यूज

**चंडीगढ़, 29 नवम्बर :** आज से 7 माह पूर्व 20 अप्रैल 2023 को हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश मार्फत 2013 बैच के आईएएस अधिकारी प्रदीप दहिया को हिसार का जिला नगर आयुक्त (डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर- डीएमसी) और नगर निगम हिसार के आयुक्त (कमिश्नर) के पद पर तैनात किया गया। इसके बाद गत माह 11 मई को दहिया को प्रशासक, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.वी. पी.) और एडीशनल डायरेक्टर, अर्बन एस्टेट, हिसार का भी अतिरिक्त कार्यभार दिया गया।

इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट एवं कानूनी विश्लेषक हेमंत कुमार ने बताया कि दहिया के हिसार नगर निगम कमिश्नर के तौर पर नियुक्ति (तैनाती) हुए 7 माह से ऊपर का समय बीत जाने के बाद भी आज तक प्रदेश सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में सरकारी गजट में नोटिफिकेशन प्रकाशित नहीं की गयी है हालांकि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 अनुसार ऐसा करना कानूनन आवश्यक है।

उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की मौजूदा धारा 45(1) में स्पष्ट तौर पर उल्लेख है कि राज्य सरकार द्वारा राजपत्र (गजट) में अधिसूचना द्वारा किसी उपयुक्त अधिकारी की नगर निगम कमिश्नर के रूप में नियुक्ति की जाएगी। परन्तु यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि आज तक प्रदेश सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा किसी भी नगर निगम कमिश्नर की नियुक्ति/तैनाती सम्बन्धी ऐसी गजट अधिसूचना जारी ही नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि इस आधार पर हर नगर निगम कमिश्नर की नियुक्ति पर कानूनी प्रश्न चिन्ह भी उठता है हालांकि आज तक किसी ने भी इस और ध्यान नहीं दिया है। गजट नोटिफिकेशन में कमिश्नर की नियुक्ति अधिसूचित न होने के कारण उसके द्वारा पारित आदेशो/निर्देशों को अदालत में चुनौती भी दी जा सकती है।

प्रदेश की 11 नगर निगमों में आईएएस अधिकारी ही कमिश्नर के पद पर तैनात होते है। एडवोकेट ने कहा कि अगर राज्य सरकार ऐसा नहीं करना चाहती तो उक्त धारा में पुनः संशोधन करवाकर गजट नोटिफिकेशन जारी करने की अनिवार्यता ही समाप्त कर देनी चाहिए।

हेमंत ने यह भी बताया कि हरियाणा शहरी निकाय विभाग द्वारा अगस्त, 2020 में जारी एक गजट नोटिफिकेशन द्वारा प्रदेश के ज़िलों में स्थित नगर परिषदों और नगर पालिकाओं पर हरियाणा नगरपालिका कानून, 1973 के अंतर्गत प्रशासनिक नियंत्रण आदि रखने के लिए डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर (डीएमसी) अर्थात जिला नगर/पालिका आयुक्त के 20 पद सृजित किये गए जिन पर आईएएस और एचसीएस अधिकारी तैनात किये जाते हैं। इन पदों को वर्ष 2021 में हरियाणा म्युनिसिपल कानून, 1973 में परिभाषित कर कानूनी मान्यता भी प्रदान की गई। हालांकि हेमंत ने बताया कि इस पद पर नियुक्ति और तैनाती के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसके लिए उक्त कानून में उल्लेख नहीं किया गया है।

# गोयल परिवार ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय के 230-निर्धन बच्चों को बांटे गर्म स्वैटर




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** बढ़ती सर्दी को देखते हुए आज सेक्टर 15-ए निवासी डॉ. स्नेह गोयल एवं श्री आर. आर. गोयल (सेवा निवृत - मुख्य अभियन्ता) ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में 230-अति गरीब बच्चों को गर्म स्वैटर वितरित किए। राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कृष्ण कुमार ने बताया कि इस विद्यालय में 450-बच्चे पढ़ते हैं। इनमें अधिकतर बच्चे बहुत गरीब परिवारों से आते हैं। बहुत बच्चे तो ऐसे भी हैं जिनके यहाँ कोई कमाने वाला नहीं हैं। इतनी सर्दी में उनके पास गर्म कपड़े भी नहीं हैं। गोयल दंपति का आभार जताते हुए उन्होंने ने कहा वह समय-समय पर स्कूल में आकार इन बच्चों की सहायता करते रहते हैं। इसी गर्मियों में उन्होंने स्कूल के बच्चों के लिए 200-लीटर का वाटर कूलर भेंट किया था। इस अवसर पर गोयल परिवार की ओर से डॉ. स्नेह गोयल के भाई राकेश, राजेश सोनू और अपूर्व गुप्ता ने भी अपना योगदान दिया। स्कूल की ओर से श्री वज़ीर सिंह, श्रीमती भरत कुमारी, रंजना, सरोज बाला एवं मीना सहित प्राइमरी स्कूल के सभी अध्यापक मौजूद रहे। सब बच्चों ने तालियां बजा कर गोयल परिवार का तहे दिल से धन्यवाद किया।


# कर्मचारियों की लंबे समय से पड़ी समस्याओं का समाधान न होने पर आई बी सीटी शाखा सिंचाई विभाग ने जिसके कारण सांकेतिक धरना करने का निर्णय



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** सिंचाई विभाग हिसार के मंडल कार्यालय के कर्मचारियों को कार्यकारी अभियंता के कार्यालय से संबंधित कुछ समस्याओं को लेकर आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ा। कर्मचारियों की मांग थी की एचकेआरएन व पीटीएस व के कर्मचारियों का आई कार्ड, ईएसआई कार्ड,अनुभव दर्ज करना, समय पर वेतन, बरसाती, डांगरी, जूते, साबुन तथा रात्रि के ठहराव की व्यवस्था पर कुछ मूलभूत सुविधा गेज हट, पीने का पानी,कुर्सी, तख्त आदि उपलब्ध करवाई जाए। कार्यकारी अभियंता द्वारा कर्मचारियों की लंबे समय से पड़ी समस्याओं का समाधान न होने पर आई बी सीटी शाखा सिंचाई विभाग ने जिसके कारण सांकेतिक धरना करने का निर्णय। कार्यकारी अभियंता ने समय रहते यूनियन के साथ मीटिंग करके सभी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया जिसपर संगठन में सहमति बनी है कि कुछ समय के लिए धरणे को स्थगित किया गया है। धरने के दौरान धरणे की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा व संचालन राजेश माहिच ने किया व निम्न नेताओं ने धरणे को संबोधित किया। राज्य सह सचिव संदीप पुनिया, 492 के प्रधान अशोक श्योकंद, आईबी मैकेनिक हिसार के प्रधान विनोद फौजी, सचिव दीपक मेहरा, उप प्रधान जयवीर, आई बी सिटी शाखा के प्रधान सतीश दनोदा, सहसचिव राजसिंह, संगठन सचिव सुनील गंगवा, उपप्रधान प्रदीप बुरा, ऑडिटर दिनेश यादव, सोनू , पूर्व प्रधान रामपाल धारीवाल, एचकेआरएन व पीटीएस आदि कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

# मां तुम महान हो



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

मां तुम महान हो
मां तुम वरदान हो
मां तुम अभिमान हो
मां तुम स्वाभिमान हो।

मां तुम भगवान हो
जीवन का अभियान हो
घर- परिवार की शान हो
मां तुम समस्त जहान हो।

सीता, सावित्री, पार्वती हो
गंगा- यमुना, सरस्वती हो
झांसी की रानी- जीजाबाई
कोशल्या-अहिल्या-धर्मावती हो।

जन्म दायनी, पालनकर्ता
ममतामई, संकटों की हरता
शिक्षक, रक्षक, पर्यवेक्षक
पथ प्रदर्शक, मार्गदर्शक हो।

धूप- छाया और सहारा हो
मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा हो
जल, थल, नभ और यज्ञ हो
सर्वस्व, वर्चस्व, सर्वज्ञ हो।

धन- दोलत और पूंजी हो
जीवन में सफलता की कुंजी हो
शिक्षा- दीक्षा संस्कार हो
उपाधियो से नहीं रखती सरोकार हो।

कहे पुष्कर ,मां तुम,
जीवन का आधार हो
सच्चा करती प्यार हो
ममतामई, दयावान हो
मां तुम महान हो।



**- पुष्कर दत्त,**
**मो.**
**9416338524**

# बीजेपी सरकार कई वर्षो से धोबी समाज की कर रही है अनदेखी, धोबी समाज में सरकार के खिलाफ भारी रोष : सुरेश तंवर

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** हरियाणा धोबी महासभा के महासचिव सुरेश तंवर ने बताया की हरियाणा सरकार ने हाल ही में 6 जातियों को पिछड़ा वर्ग से अनुसूचित जाति में शामिल किया गया हैं, उसमें धोबी समाज को शामिल नहीं किया गया है, जिससे हरियाणा सहित भारत के समस्त धोबी समाज में बीजेपी के खिलाफ भारी रोष है। भारत के दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित 17 राज्यों में धोबी जाति को अनुसूचित जाति में रखा गया है, जबकि हरियाणा, पंजाब, गुजरात, मध्य प्रदेश सहित 11 राज्यों में धोबी जाति को पिछड़ा वर्ग में रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री जी भारत में एक विधान एक संविधान हैं। हमारा कार्य भी एक है तो हमें अलग-अलग केटेगरी में क्यों बांटा गया है। भारत का समस्त धोबी समाज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से अनुरोध करता है कि हमें हरियाणा पंजाब सहित समस्त भारत में धोबी जाति को एक समान अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। अगर बीजेपी सरकार ऐसा नहीं करती है तो आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में समस्त भारत का धोबी समाज बीजेपी की खिलाफत करेगा व वोट की चोट देगा और जो भी पार्टी हमारी मांगों को अपने घोषणा पत्र में लेगी समस्त भारत का धोबी समाज उस पार्टी का खुलकर समर्थन करेगा।




# मेरी फसल-मेरा ब्यौरा : फसलों के पंजीकरण के लिए पोर्टल शुरू

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसलों के पंजीकरण के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल खोल दिया गया है। किसान रबी फसलों का पंजीकरण https:// fasal. haryana.gov.in पोर्टल पर जल्द करवाना सुनिश्चित करें। यह जानकारी देते हुए कृषि उप-निदेशक राजबीर सिंह ने बताया कि कृषि उत्पादों को मंडियों में बेचने और कृषि योजनाओं का लाभ लेने हेतु पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। परिवार पहचान पत्र या आधार संख्या से जुड़े पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद ही फसल पंजीकरण होगा। परिवार पहचान पत्र या आधार संख्या से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर सही काम नहीं कर रहा है, तो आवेदक नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जा कर अपना सही मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं।

# बिश्नोई समाज को केंद्र में ओबीसी आरक्षण के लिए 12 दिसंबर 2023 को मुकाम में रणनीति तय होगी





देवेंद्र बुड़िया अध्यक्ष अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के प्रधान श्री देवेंद्र जी बुड़िया आज बिश्नोई मंदिर हिसार में पहुंचे। उन्होंने पहले मंदिर में पूजा अर्चना की और बिश्नोई रत्न चौधरी भजनलाल जी की प्रतिमा को माला अर्पण किया। उसके बाद में बिश्नोई समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ केंद्र में बिश्नोई समाज को ओबीसी आरक्षण के लिए विचार विमर्श किया। 12 दिसंबर 2023 को मुकाम में एक मीटिंग बुलाई जाएगी जिसमें सारी रणनीति तय होगी। मुकाम से लेकर जंतर मंतर दिल्ली तक वाया हिसार एक पैदल यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बिश्नोई समाज की सभी संस्थाएं व साधुजन भाग लेंगे, लोगों से इस विषय में सुझाव भी मांगे गए हैं, इस बारे में अंतिम निर्णय 12 दिसंबर को मुक्ति धाम मुकाम में लिया जाएगा।

इस अवसर पर श्री सुभाष देहडू वरिष्ठ उप प्रधान अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा, श्री रामस्वरूप जौहर, श्री जगदीश कड़वासरा प्रधान बिश्नोई सभा हिसार, बलदेव खोखर, नरसिंह ज्याणी MDO, निहाल सिंह गोदारा ZMEO, राजकुमार खिचड़ सयुक्त सचिव बिश्नोई सभा हिसार, राम सिंह ज्याणी सदस्य बिश्नोई सभा हिसार, कृष्ण पूनियां कोषाध्यक्ष बिशनोई सभा हिसार, अनिल पूनियां पूर्व कोषाध्यक्ष बिश्नोई सभा हिसार, अमीलाल पूनियां, वकील चन्द्र सहारण, सुरेन्द्र लाम्बा, श्री राम प्रधान, बद्री धायल, बेगराज पूनियां, पृथ्वी सिंह गिला, कुलदीप देहडू, विकास ज्याणी, विपिन गोदारा, सुशील जोधकण, राजकुमार खिचड़ उर्फ लाला, ओमप्रकाश ईशरवाल, अनूप भाम्भू, अनिल ज्याणी, ओमप्रकाश ज्याणी, विष्णु सहारण आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## Name Change

I, Rajvir Singh Panghal S/o Hardayal Singh R/o H. No. 1502, Sector-13, Hisar declare that I have changed my name from Rajvir Singh Panghal to RAJVIR SINGH for all future purpose.

- Deponent

## Name Change

I, Meenakshi W/o Sunil Kumar R/o Chobisi Colony, Uklana (Rural), Uklana Mandi, Hisar declare that I have changed my name from Meenakshi to MINAKSHI GARG for all future purpose.

- Deponent

## Name Change

I, Rajender Prasad S/o Dev Karan Dass R/o Chobisi Colony, Uklana (Rural), Uklana Mandi, Hisar declare that I have changed my name from Rajender Prasad to RAJENDER PARSHAD for all future purpose.

- Deponent

## Name Change

I, Vinod Kumar Goel S/o Ram Kumar R/o H. No. 21, Priti Nagar, Hisar, Distt. Hisar, Haryana 125001 do hereby declare that I have changed my name from VINOD KUMAR GOEL to VINOD GOEL for future purpose.

- Deponent

## नाम परिवर्तन

मैं, गंगा राम पुत्र श्री चन्द, निवासी गांव धमाना, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरा नाम मेरे चालक लाईसेंस नम्बर एचआर-2120040099394 के अंदर गना राम दर्ज है जो कि गलत दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व परिवार पहचान पत्र के अंदर मेरा नाम गंगा राम दर्ज है। अब में मेरे उक्त चालक लाईसेंस में अपना नाम गना राम के स्थान पर गंगा राम दुरूस्त करवाना चाहता हूं जो सही व दुरूस्त है। अंत मेरे चालक लाईसेंस में मेरा नाम गना राम के स्थान पर गंगा राम दुरूस्त किया जावें।




# इकोज़ेन क्लाइमेट-स्मार्ट टेक्नोलॉजी समाधान विकसित करती है, जो किसानों को पैदावार बढ़ाने में करेगी मदद

पाठकपक्ष न्यूज

**झज्जर, 29 नवम्बर :** हरियाणा क्लीनटेक में एक प्रमुख कंपनी, इकोज़ेन क्लाइमेट-स्मार्ट टेक्नोलॉजी समाधान विकसित करती है, जो किसानों को पैदावार बढ़ाने, बर्बादी में कमी लाने और कृषि आय बढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में सोलर पंप सेट्स में अग्रणी ब्रांड, इकोज़ेन अपने आधुनिक इकोट्रॉन स्मार्ट सोलर पंप कंट्रोलर्स द्वारा 1,60,000 से ज़्यादा भारतीय किसानों को लाभ पहुँचा चुका है। अब हरियाणा के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत इकोज़ेन सॉल्यूशंस भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर, इकोट्रॉन 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध करा रहा है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पंपों को तेज़ी से इंस्टॉल करने के लिए इकोज़ेन ने महिंद्रा सोलराइज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी द्वारा हरियाणा के किसानों को इकोज़ेन की आधुनिक टेक्नोलॉजी महिंद्रा टीम के विस्तृत और प्रभावशाली इंस्टॉलेशन नेटवर्क की मदद से मिल सकेगी।

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000




डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स
व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573



# किसान नेता युद्धवीर सिंह सहरावत की गिरफ्तारी से नाराज किसानों ने दिया रामायण टोल पर धरना




पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 29 नवम्बर :** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह सहरावत को दिल्ली में गिरफ्तार किए जाने के विरोध में रामायण टोल प्लाजा पर किसान नेताओं ने धरना दिया। साथ ही किसान नेताओं ने कृषि मंत्री जेपी दलाल के बयानों का विरोध किया। रामायण टोल प्लाजा पर धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता दशरथ मलिक व कुलदीप खरड़ ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह सहरावत विदेश में होने वाली एक किसान कांफ्रेंस के अंदर भारत के सभी किसानों का प्रतिनिधित्व करने के लिए जा रहे थे। साथ में महिला किसान नेतृत्व भी शामिल थी। उन्होंने बताया कि दिल्ली इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर केंद्र सरकार के आदेश पर युद्धवीर सिंह सहरावत व अन्य महिला नेत्रियों को विरासत में ले लिया गया। कुलदीप खरड़ ने बताया कि जब तक उनको रिहा नहीं किया जाएगा तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस दौरान रामायण टोल प्लाजा की एक लाइन को टोल फ्री करवाया गया। किसान नेता दशरथ मलिक ने चेतावनी देते हुए कहा कि कृषि मंत्री जेपी दलाल को हिसार में घुसने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कृषि मंत्री जेपी दलाल के महिलाओं के बारे में दिए गए बयानों का विरोध किया। दशरथ मलिक ने बताया कि बहन बेटियां सबकी बराबर होती है। लेकिन कृषि मंत्री जेपी दलाल ने महिलाओं और बहन बेटियों के बारे में गलत शब्दों का प्रयोग किया है। इस कारण सभी किसान जेपी दलाल का जगह-जगह पर विरोध करेंगे। आगामी चुनाव के दौरान गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा। धरने के दौरान रामायण टोल पर सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत करके धरना कैंटीन के पास लगवाया।

# जीजेयू में आगामी शैक्षणिक सत्र से बीएससी-बीएड तथा बीए-बीएड कोर्स भी होंगे शुरू : डॉ. नरसी राम बिश्नोई

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) अब भविष्य के शिक्षक भी तैयार करेगा। विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र से बीएससी-बीएड तथा बीए-बीएड कोर्स भी करवाए जाएंगे। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई), दिल्ली ने विश्वविद्यालय को एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए मान्यता प्रदान कर दी है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है तथा कहा है कि यह मान्यता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता के लिए एक नई पहचान है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों को उनकी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत से ही आवश्यक कौशल एवं ज्ञान के साथ सशक्त बनाने के लिए आईटीईपी ने बीएससी-बीएड तथा बीए-बीएड के विषयों को विलय करते हुए एक व्यापक चार वर्षीय बैचलर ऑफ एजुकेशन कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय में 100 सीटें होंगी, इनमें से 50 सीटें कला संकाय के विद्यार्थियों तथा 50 सीटें विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए आबंटित होंगी।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि आईटीईपी को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के सिद्धांतों व उद्देश्यों के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जिसमें बहुविषयक दृष्टिकोण और आईसीटी-सक्षम शिक्षा शास्त्र का लाभ उठाने पर



बल दिया गया है। विश्वविद्यालय भविष्य के शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने, अत्याधुनिक पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाने, अनुसंधान तथा अन्य बुनियादी जानकारियों को उपलब्ध कराने के साथ-साथ उच्च स्तरीय शिक्षा के मानकों को स्थापित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने कहा कि आईटीईपी का लक्ष्य ऐसे सर्वगुण संपन्न शिक्षकों को तैयार करना है, जो पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक शिक्षा शास्त्र के बीच संतुलन बनाकर उन्हें एआई-जनित सामग्री सहित तकनीकी प्रगति से उत्पन्न चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि बीएससी-बीएड व बीए-बीएड पाठ्यक्रम में दाखिला एनटीए पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किए जाएंगे।

गुजविप्रौवि को एनईपी 2020 के अनुसार शिक्षक शिक्षा में चार साल के एकीकृत कार्यक्रम की पेशकश करने वाले देश भर के प्रमुख संस्थानों में से एक होने तथा 45 से अधिक अन्य सम्मानित विश्वविद्यालयों व संस्थानों में शामिल होने पर बहुत गर्व है।

# पौधारोपण के साथ गांव नाढ़ोड़ी में श्री जम्भवाणी हरि कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति नाढ़ोड़ी द्वारा जम्भवाणी हरिकथा का शुभारंभ आचार्य स्वामी श्री रामाचार्य जी महाराज ने आज पहले गौशाला प्रांगण में पौधारोपण किया और उसके उपरांत कथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री फकीरचंद गोदारा, रामनारायण धारणियां, राम सिंह गोदारा, फकीरचंद गोदारा सचिव गौशाला, रामनिवास धारणियां, रविंद्र धारणियां पूर्व सरपंच, राजेंद्र भाम्भू, हरि सिंह खिचड़, सरजीत धारणियां, सुंदर डारा, महावीर धारणियां, राम सिंह भाम्भू, सुभाष भाम्भू, रामनिवास भाम्भू, हरि सिंह गोदारा, उग्रसैन डेलू, गुलाब धारणियां, राधेश्याम धारणियां, नाथूराम धारणियां, गुरदयाल डेलू, लालचंद, सुभाष डारा, लिजे राम, राजेंद्र जौहर, सुनील धारणियां व कृष्णा धारणियां इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे। पर्यावरण प्रेमी पृथ्वी सिंह गिला हिसार से पौधा लेकर पहुंचे।

# वेडिंग सीजन में सोने के दामों में आया बड़ा उछाल, 7 महीने में सबसे ज्यादा हुआ महंगा

पाठकपक्ष न्यूज

**नई दिल्ली, 29 नवम्बर :** देशभर में वेडिंग सीजन चल रहा है। इसी बीच सोने के दाम में बड़ा उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को सोने की कीमत सात महीने के उच्चतम स्तर पर दर्ज की गई। भारत में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,500 रुपए प्रति 10 ग्राम से ऊपर है। अमरीकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड में गिरावट के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें बढ़ रही हैं। माना जा रहा है कि कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में दरों में कटौती कर सकता है। शादी के मौसम के बीच घरेलू बाजार में सोने की मांग मजबूत बनी हुई है। दुल्हन और दूल्हे को बड़ी मात्रा में सोना धातु उपहार में दिया जाता है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सोना और महंगा हो सकता है। बुधवार सुबह 11.30 बजे तक स्पॉट गोल्ड 0.24 प्रतिशत बढ़कर 2,046 डॉलर प्रति औंस को पार कर गया, जो 5 मई के बाद की सबसे ऊंची कीमत है।

# सहायक प्रोफेसर की भर्ती बंद करने का रच रहे षड्यंत्र : कुमारी सैलजा

पाठकपक्ष न्यूज

**चंडीगढ़, 29 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में शैक्षणिक स्टाफ के 60 प्रतिशत से अधिक पद खाली पड़े हैं। इन सभी को नियमित भर्ती से भरने की बजाए कुछ पदों को ठेके से भर्ती कर भरने की प्लानिंग की जा रही है, जबकि कुछ पदों पर एडिड कॉलेजों में तैनात नियमित स्टाफ को समायोजित करने की तैयारी है। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार यह सब सरकारी कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर की भर्ती बंद करने के षड्यंत्र के तहत कर रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में साल 2019 में सिर्फ 524 पदों पर कुछ ही विषयों में आखिरी बार सहायक प्रोफेसर की भर्ती की गई थी। आधे से अधिक विषय ऐसे बचे हैं, जिनकी वैकेंसी 2016 के बाद से ही नहीं आई हैं। सरकारी कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के 8137 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 4738 पद रिक्त हैं। निदेशक उच्चतर शिक्षा ने 1535 रिक्त पदों को भरने के लिए 02 सितंबर 2022 को आग्रह पत्र एचपीएससी को भेजा, लेकिन यूजीसी की गाइडलाइन में संशोधन का हवाला देकर भर्ती को वापिस मंगा लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक साल बीतने के बाद भी उक्त नियमों में संशोधन की प्रक्रिया को विभाग पूरा नहीं कर पाया है। पक्की भर्ती करने से बचने लिए गठबंधन सरकार प्रदेश के एडेड कॉलेजों के पूर्ण समायोजन की बजाए इनमें मौजूद नियमित स्टाफ को सरकारी कॉलेजों में मर्ज़ करने जा रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के 97 एडेड कॉलेज में टीचिंग स्टाफ के 2932 व नॉन टीचिंग स्टाफ के 1664 पद हैं। इनमें 2 लाख के आसपास छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन में स्टाफ नियमित व सरकारी होने के कारण ही इन्हें राज्य व केंद्र सरकार से अनुदान मिलता है, ताकि विद्यार्थी सस्ती व अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर सकें। गठबंधन सरकार की योजना सिरे चढ़ गई तो फिर एडेड कॉलेज पूरी तरह निजी हो जाएंगे, क्योंकि सरकार स्टाफ के समायोजन के साथ ही एडेड कॉलेज से इन पदों को ही खत्म कर दिया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे एक तरफ तो एडेड कॉलेजों में स्थायी पद खत्म होंगे और दूसरी तरफ इनके जाने से करीब इतने ही पद सरकारी कॉलेजों में भर जाएंगे। इससे सहायक प्रोफेसर की नौकरी के लिए तैयारी कर रहे बेरोजगार अभ्यर्थियों पर दोहरी मार पड़ेगी।

# श्री काली देवी विद्या मंदिर में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




पाठकपक्ष न्यूज


**हांसी, 29 नवम्बर :** श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी में अंग्रेजी विभाग द्वारा डिलाइटफुल लर्निंग ऑफ इंग्लिश कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा में पठन, पाठन, और बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करना था। पठन प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से जीनल, मेहान, सान्वी, नंदिनी तथा कक्षा दूसरी से केशव, रियान, जानवी, गुरनूर, और अश्वी पहले स्थान पर रहे। कक्षा तीसरी के एक्शन वर्ब्स में वैभव, यशिका, ग्रंथ, चेष्टा जैन और ग्रंथ धामीजा, कक्षा चौथी के पजल कंपटीशन में वनिका जैन, सान्या, जानवी, रिद्धि बंसल, दिया, कनिष्का, ईक्षिका और रियांशी तथा कक्षा पांचवी से चेंज ऑफ़ वर्ड्स कंपटीशन में काव्या, राखी, आरुष, राशि, गिरीशा, आयुषी, राधिका, और ऋषभ व मिशिता प्रथम रहे। कक्षा छठी से दसवीं तक स्पीच कंपटीशन में कक्षा छठी से तीस्ता, कक्षा सातवीं से हिमाक्षी तथा कक्षा आठवीं से जिया, कक्षा नौवीं से यामिनी व कक्षा दसवीं से उर्वशी प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गीता मेहता ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को स्वयं मूल्यांकन कर भाषा कौशल को समृद्ध करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

# दयानन्द महाविद्यालय में तृतीय हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के बैनर तले एनसीसी डे मनाया गया




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 29 नवम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय हिसार में तृतीय हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के बैनर तले एनसीसी डे मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, साहस व धैर्य भावना निर्माण के साथ-साथ उन्हें निस्वार्थ भाव से ऊपर उठाकर देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर एनसीसी केयर टेकर अधिकारी प्रो. मंजू शर्मा ने कैडेट्स को एनसीसी के लक्ष्य के प्रति ईमानदार तथा कर्तव्यनिष्ठ रहने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा के एनसीसी के माध्यम से युवाओं के पास नेतृत्व का गुण विकसित करने, संगठित रहने तथा साहस के साथ हर बाधा का सामना करने के अलावा राष्ट्र सेवा करने का सुनहरा अवसर होता है। उन्होंने एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर डॉ. कर्नल डी.एस. मलिक, अधिकारी ले. आकांक्षा पाण्डे तथा अन्य अधिकारियों का समय-समय पर मार्गदर्शन करने के लिए आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. संगीता मालिक, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, प्रो. विकासवीर, प्रो. विक्रमजीत तथा प्रो. सोनू उपस्थित रहे।
















प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।